


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 124 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शनिवार 19 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







# स्पेशल यूनिट बनाकर भारत पर हमले की फिराक में दाऊद

## हिट लिस्ट में कई नेता और बिजनेसमैन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खुलासा किया है कि अंडरवर्ल्ड डॉन और भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम ने भारत को निशाना बनाने के लिए एक विशेष यूनिट का गठन किया है। जांच एजेंसी के अनुसार हिट लिस्ट में कई राजनीतिक नेताओं और प्रसिद्ध व्यापारियों के नाम शामिल हैं।

इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्राथमिकी से पता चला है कि दाऊद इब्राहिम अपनी स्पेशल यूनिट के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा भड़काने के उद्देश्य से विस्फोटक और घातक हथियारों का उपयोग करके देश पर हमला करने की योजना बना रहा था। इसके अलावा दाऊद इब्राहिम का फोकस दिल्ली और मुंबई पर है।



ईडी ने हाल ही में दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण में शामिल होने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। ईडी इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर, उसके सहयोगियों और गिरोह के सदस्यों से पूछताछ करेगी। मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में शुक्रवार को इकबाल कासकर को 24 फरवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया था।

ईडी ने अदालत को बताया कि कासकर से पूछताछ में महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं क्योंकि वह एक प्रमुख साजिशकर्ता और सिंडिकेट का अगुवा है। इस हफ्ते की शुरुआत में ईडी ने मुंबई में इब्राहिम की दिवंगत बहन हसीना पारकर, कासकर के साथ-साथ गैंगस्टर छोटा शकील के रिश्तेदार से जुड़े लोगों के करीब 10 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

ईडी का मामला हाल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा इब्राहिम और अन्य के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अपराध किया है तो झेलना ही पड़ेगा, आरोपी की याचिका तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने 'सुल्ली डील ऑफ द डे' नामक एप से जुड़े अपराधों पर देश भर में दर्ज एफआईआर को क्लब (एक साथ) करने की मांग वाली याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने आरोपी से कहा, अपराध किया है तो सामना करना ही पड़ेगा।

वकील साहिल भालियाक ने चीफ जस्टिस एनवी रमण की तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष वकील साहिल भालियाक ने कहा, मेरे मुवक्किल के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज हैं। हम याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग करते हैं। यह टीटी एंटनी के फैसले के तहत आता है। इस पर सीजेआई ने कहा, यदि आपने कोई अपराध किया है तो आपको इसका सामना करना होगा।

यह उस फैसले के तहत आता है या नहीं, सुनवाई की तारीख पर फैसला किया जाएगा। आरोपी ओंकारेश्वर ठाकुर ने 24 जनवरी को यह याचिका दाखिल की थी।

### पिछले साल मुस्लिम महिलाओं को निशान बनाया था

एप ने पिछले साल मुस्लिम महिलाओं को निशाना बनाया था और उनकी सहमति के बिना उनकी तस्वीरों को अपलोड किया था। उस वक्त इसे लेकर बड़ा हंगामा हुआ था। 'बुली बाई' मामला 'सुल्ली डील्स' एप का 'क्लोन' माना जाता है।

इसमें 'सुल्ली डील ऑफ द डे' एप से संबंधित अपराधों के संबंध में पूरे देश में दर्ज की गई विभिन्न एफआईआर को क्लब करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता के खिलाफ नई दिल्ली, नोएडा और मुंबई में तीन प्राथमिकी दर्ज हैं।

### टीटी एंटनी बनाम केरल सरकार मामले में क्या हुआ था फैसला

याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि मौजूदा रिट याचिका में मांगी गई राहत सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीटी एंटनी बनाम केरल राज्य में दिए फैसले के तहत आता है। वह फैसला पहले को छोड़कर सभी समान एफआईआर को रद्द करने के संदर्भ में था। उस फैसले में कहा गया था कि मामले को एकल जांच को आगे बढ़ाया जा सकता है।

इस मामले में पहली प्राथमिकी स्पेशल सेल, दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई थी। याचिका में दिल्ली, यूपी और महाराष्ट्र में एफआईआर दर्ज करना सीआरपीसी की धारा- 154 और 156 के दायरे से बाहर है और यह एक ऐसा मामला है जो विभिन्न जांच एजेंसियों द्वारा जांच की वैधानिक शक्ति का दुरुपयोग दर्शाता है।

## खास-खबर

### मदद का आरोपः ईडी ने नक्सली समर्थक पर की बड़ी कार्रवाई, अटैच की 30 लाख की संपत्ति

**नई दिल्ली/रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की वित्तीय मदद को लेकर एक नक्सली समर्थक की 29.7 लाख रुपये कीमत की कृषि भूमि अटैच की है। अधिकारियों ने बताया कि अटैच की गई कृषि भूमि छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव जिले में है और यह जमीन अश्विनी वर्मा और उसके छोटे भाई तामेश वर्मा के नाम पर है।

ईडी ने अपनी जांच अश्विनी वर्मा और अन्य के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस की एफआईआर और 30 अक्तूबर, 2018 को दाखिल अंतिम रिपोर्ट के आधार पर शुरू की थी। इन लोगों पर प्रतिबंधित नक्सल संगठन की मदद करने का आरोप है।

जांच में पता चला कि अश्विनी वर्मा ने नक्सलियों से बंद किए जा चुके 1000 और 500 के नोट लिए थे और इन नोटों को अलग-अलग लोगों को स्थानीय किसानों को दिया। इसके बदले में इन लोगों से अनाज और कृषि उत्पाद खरीदे गए। बाद में इन कृषि उत्पादों और अनाज को बेचकर पैसा हासिल किया गया। साथ ही अश्विनी वर्मा ने इस पैसे से राजनंदगांव में 29.75 लाख रुपये में कृषि भूमि खरीदी।

## शोपियां मुठभेड़ में दो जवान शहीद, एक दहशतगर्द मार गिराया, बड़े पैमाने पर चल रहा तलाशी अभियान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां में शनिवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए हैं, जबकि एक आतंकी मारा गया है। फिलहाल इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। कश्मीर जोन पुलिस के अधिकारी ने बताया कि जैनापोरा इलाके में आतंकियों के मौजूद होने की जानकारी मिली। इसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर भारी फायरिंग कर दी। जबावी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है। मुठभेड़ में सेना के दो जवान भी शहीद हो गए हैं। फिलहाल सेना ने अभी उनके नाम का खुलासा नहीं किया है। अभी भी इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ख्वाजा बाजार इलाके में आतंकियों ने वहां तैनात पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को निशाना बनाते हुए ग्रेनेड हमला किया। चश्मदीदों के अनुसार यह ग्रेनेड बीच सड़क



पर फटा, धमाके से आसपास की दुकानों के शीशे टूट गए। ऑटो स्टैंड पर खड़ा एक ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस हमले में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी घायल हुआ, जिसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले भर्ती करवाया गया। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने हमले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक दिन पहले शोपियां में किया था हमला

इससे पहले वीरवार की शाम को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिलों में दहशतगर्दों ने सीआरपीएफनाके पर ग्रेनेड हमला किया था। जिसमें एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया था।

### चौबीस घंटे पहले श्रीनगर में सुरक्षाबलों पर आतंकियों ने किया था ग्रेनेड हमला, एक पुलिसकर्मी घायल

इससे पहले शुक्रवार को शहर के नौहट्टा इलाके के ख्वाजा बाजार में आतंकियों ने नापाक हरकत करते हुए ग्रेनेड हमला किया। हमले में एक पुलिसकर्मी जख्मी हो गया। सड़क पर फेंके गए ग्रेनेड के धमाके से आसपास की तीन दुकानों के शीशे टूट गए और एक ऑटो भी क्षतिग्रस्त हुआ है। हमले के तुरंत बाद पुलिस और सुरक्षाबलों ने हमलावरों की तलाश में संयुक्त अभियान चलाया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है।

### यूक्रेन विवाद ने भारत की चिंता भी बढ़ाई, जर्मनी की विदेश मंत्री के साथ एस जयशंकर की हुई चर्चा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आज जर्मनी में विदेश मंत्री एनालेना बेरबॉक से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट करके खुद इस मुलाकात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान जलवायु परिवर्तन, द्विपक्षीय और वैश्विक स्तर पर ध्यान केंद्रित किया। इसके अलावा अफगानिस्तान, इंडो पैसिफिक और यूक्रेन व रूस के बीच चल रहे विवाद पर दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। दरअसल, विदेश मंत्री जयशंकर अपने छह दिवसीय जर्मनी व फ्रांस दौरे पर हैं। वह 18 से 23 फरवरी तक छह दिवसीय विदेश यात्रा पर रहेंगे और कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

## स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में लगी भीषण आग

**मधुबनी ( एजेंसी )।** बिहार के मधुबनी रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह अचानक खड़ी ट्रेन में आग लग गई। जानकारी के अनुसार, आग दिल्ली से आने वाली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस में लगी है। देखते ही देखते आग की लपटें तेज होती चली गईं और ट्रेन धू-धूकर जलने लगी। गनीमत यह रही कि जब ट्रेन में आग लगी तो वह पूरी तरह से खाली थी। स्टेशन पर मौजूद लोगों और कर्मियों ने तुरंत आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी।



इसी बीच दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि अभी तक आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया है।

प्लेटफार्म नंबर तीन पर खड़ी स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस की बोगियों में शनिवार सुबह करीब नौ बजे आग लग गई। बताया जा रहा है कि अबतक दो कोच जल चुके हैं। जबकि तीसरी बोगी भी आग के चपेट में है। अग्निशमन दस्ता आग बुझाने की कोशिश में जुटा है। ट्रेन का रैक जयनगर से लाकर यहां लगाया गया था। सदर एसडीओ अश्विनी कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव कुमार, नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अमित कुमार दल बल के साथ रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर आग बुझाने में लगे हैं। स्टेशन पर भारी संख्या में भीड़ जुटी है।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना के 392 नए मरीज मिल 3 की गई जान, एक्टिव केस 4 हजार से भी कम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना की तीसरी लहर का संक्रमण धीरे-धीरे कम हो रहा है। पॉजिटिविटी दर भी 2 प्रतिशत से नीचे है। शुक्रवार को प्रदेश में 392 नए केस मिले हैं, वहीं कोरोना से 3 लोगों की जान भी चली गई। राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 4 हजार से कम हो गई है। छत्तीसगढ़ में इस महामारी से अब तक 14 हजार 21 लोगों की जान भी जा चुकी है। संक्रमण घटते ही प्रदेश में अनलॉक की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। रायपुर, दुर्ग सहित कई जिलों में स्कूल खुल गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को प्रदेश में 392 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा रायपुर में 41 नए संक्रमित मिले हैं। इसके बाद धमतरी में 37, बलरामपुर में 34, बिलासपुर में 31, कोरबा में 30, दुर्ग में 27, कबीरधाम में 23, बलरामपुर में 23, कांकेर में 20, बलौदाबाजार में 19, कोंडागांव व बीजापुर में 14-14, राजनांदगांव व रायगढ़ में 11-11 नए केस मिले हैं। प्रदेश के 11 जिलों में 1 से 10 के बीच मरीज मिले हैं। बड़ी संख्या में मरीजों के स्वस्थ होने से प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 3,856 हो गई है।

### पॉजिटिविटी दर 1.36त्न से घटकर 1.33 प्रतिशत

शुक्रवार को 29 हजार 450 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें यह मरीज मिले हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 1.36 प्रतिशत से घटकर 1.33 प्रतिशत हो गई है। 24 घंटे में रायगढ़, कोरबा, व सरगुजा में 1-1 की मौत हुई है। हॉस्पिटल से 49 लोग डिस्चार्ज हुए तो वहीं 540 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है। पॉजिटिविटी दर भी कम हो गई है।



## संपादकीय

# अदालत की पहल

अभी यह कहना शायद ठीक नहीं होगा कि हरियाणा सरकार को मुंहमांगी मुराद मिल गई है। बात सिर्फ इतनी है कि प्रदेश के उद्योग-धंधों में स्थानीय लोगों को 75 फीसदी आरक्षण के राज्य के कानून पर उच्च न्यायालय ने जो रोक लगा दी थी, सुप्रीम कोर्ट ने उसको हटा लिया है। 3 फरवरी को पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने जब स्थगन आदेश दिया था, तो उसके अगले ही दिन रोक हटाने की मांग लेकर राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया था। अब हरियाणा सरकार की वह इच्छा तो पूरी हो गई है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पर जो फैसला दिया है, उसमें अदालत ने मामले की गंभीरता को समझते हुए अपने को सिर्फ स्थगन हटाने तक सीमित नहीं रखा। अदालत ने कहा है कि हम मामले के गुण-दोष पर अभी विचार नहीं कर रहे, और हमारा सुझाव है कि उच्च न्यायालय चार सप्ताह में इस पर फैसला करे। संबंधित पक्षों से कहा गया है कि वे इस मामले को लटकाने की कोशिश न करें। अदालत ने राज्य सरकार को यह भी कहा है कि इस कानून को लेकर नियोक्ताओं को परेशान करने का काम न किया जाए। कानून के खिलाफ उद्योगपतियों की सबसे बड़ी आपत्ति यही थी कि इससे उस इंस्पेक्टर राज की वापसी होगी, जो उन्हें लंबे समय तक परेशान करता रहा है।

> “ यह मामला अभी उच्च न्यायालय में है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के रुख से ऐसा लगता है कि वह इसे जल्द निपटाए जाने के पक्ष में है। अच्छा रहेगा कि इस मामले को अब अंतिम रूप से निपटाने की कोशिश की जाए, ताकि राज्यों व क्षेत्रीय दलों को भी अपनी सीमाओं का पता रहे और उद्योगों के सामने भी यह स्पष्ट रहे कि उन्हें किन स्थितियों के बीच काम करना है। एक ऐसे फैसले की जरूरत है, जो सबके लिए नजीर बन सके।

हरियाणा का यह कानून लंबे समय से विवादों में बना हुआ है। स्थानीय लोगों को निजी उद्योग में 75 फीसदी आरक्षण देने का वादा दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी ने किया था। यह पार्टी इस समय सत्ताधारी गठजोड़ की महत्वपूर्ण घटक है, जिसने सरकार बनने के बाद इस कानून को बनवाने की पहल की थी। यह कानून पिछले साल नवंबर में पास हुआ था और इस साल 15 जनवरी से ही लागू हुआ है। जब इस कानून का विधेयक विधानसभा में पेश हुआ, तभी से निजी क्षेत्र की कंपनियां और उनके संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। क्षेत्रीय दल अक्सर इस तरह के कानून बनाने के चुनावी वादे करते रहे हैं। उन्हें रोजगार के अवसर पैदा करने के मुकाबले इस तरह के लोकलुभावन वादे ज्यादा उपयोगी लगते हैं। कई जगह ऐसे कानून बनाकर लागू करने के प्रयास भी हुए हैं। 1995 में गुजरात सरकार ने ऐसा ही कानून बनाने की कोशिश की थी। महाराष्ट्र की शिव सेना के घोषणापत्र में भी रोजगार में मराठी मानुस को ही प्राथमिकता देने की बात होती रही है और वहां भी ऐसा कानून बनाने की कोशिशें हुई हैं। इस समय, जब गोवा के विधानसभा चुनाव चल रहे हैं, तब वहां भी एक पार्टी ने ऐसा ही वादा किया है। निजी उद्योग हमेशा ही ऐसे कदमों का विरोध करते रहे हैं, क्योंकि एक तो वे अपने कर्मचारियों की नियुक्ति के मामले में पूरी स्वतंत्रता चाहते हैं और फिर, नियुक्तियों के मामले में आमतौर पर वे स्थानीयता के बजाय कुशलता को अहमियत देते हैं। हालांकि, यह मामला अभी उच्च न्यायालय में है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के रुख से ऐसा लगता है कि वह इसे जल्द निपटाए जाने के पक्ष में है। अच्छा रहेगा कि इस मामले को अब अंतिम रूप से निपटाने की कोशिश की जाए, ताकि राज्यों व क्षेत्रीय दलों को भी अपनी सीमाओं का पता रहे और उद्योगों के सामने भी यह स्पष्ट रहे कि उन्हें किन स्थितियों के बीच काम करना है। एक ऐसे फैसले की जरूरत है, जो सबके लिए नजीर बन सके।

> “ हमारा बढ़ता द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2030 तक अपनी अर्थव्यवस्था के आकार को दोगुना करने के संयुक्त अरब अमीरात के प्रयासों में एक अहम भूमिका निभाएगा। सदियों से संयुक्त अरब अमीरात और भारत की नियति अटूट रूप से जुड़ी हुई है। मित्रता, विश्वास और उद्यमशीलता की भावना में निहित एक घनिष्ठ सहयोग हमारी अर्थव्यवस्थाओं, हमारे उद्योगों, हमारे शहरों और हमारे लोगों - वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों- के लिए असीमित अवसर पैदा करेगा। यही वह परिकल्पना है जिसकी हमें आकांक्षा है।

# भारत-यूएई व्यापार के लिए समृद्धि का नया युग





***बेहतर भविष्य के लिए साझा दृष्टिकोण***

यदि हम 2021 को पीछे मुड़कर देखते हैं और 2022 से आगे भविष्य के बारे में सोचते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि हमारे दोनों राष्ट्र एक ऐतिहासिक मोड़ पर हैं। यूएई अपना 50वां वर्ष मना रहा है और इसने अगले 50 वर्षों के विकास के लिए अपने विज़न को अंतिम रूप दिया है। भारत भी अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और नयी शक्ति एवं उत्साह के साथ अपनी दीर्घकालिक विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है।

अभी कुछ ही समय पहले, 2017 में, दोनों देशों के राजनेताओं द्वारा हमारे संबंधों को और मजबूत बनाते हुए एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया गया था। एकसमान दृष्टिकोण, गहरी आत्मीयता व आपसी समझ में निहित एवं समय की कसौटी पर खरे उतरे हमारे संबंध; एक मजबूत और बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग के रूप में विकसित हुए हैं, जो हमारे लाखों लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं।

यह विशेष संबंध निरंतर विकसित हो रहा है और एक जटिल तथा अनिश्चित दुनिया की चुनौतियों, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के मद्देनजर, का सामना करने के लायक बन रहा है। हमारे राष्ट्रों का धैर्य और सहनशीलता और इससे भी महत्वपूर्ण बातङ्क हमारे मैत्रीपूर्ण संबंधों की प्रगाढ़ता विपरीत परिस्थितियों में और भी मज़बूत हुई हैं। हमने सभी समुदायों के लिए शांति, सद्भाव, सह-अस्तित्व और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम किया है। हमारा पूरा ध्यान; व्यापार, प्रौद्योगिकी, प्रतिभा और पर्यटन के कुशल उपयोग के माध्यम से हमारे लोगों और शेष दुनिया के लिए, प्रगति करने पर केन्द्रित रहा है। एक उदाहरण है- महामारी के बावजूद यूएई द्वारा एक्सपो 2020 की सफल मेजबानी, जिसमें भारत एक प्रेरणादायी मंडप के माध्यम से अपनी भूमिका निभा रहा है, जिसने राष्ट्रीय भावना को अपनी ओर आकर्षित करने के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है।

आज हमारी रणनीतिक साझेदारी एक महत्वपूर्ण बदलाव के कगार पर है। कोविड महामारी के बाद के युग में हम आपसी सहयोग के आधार पर विकास की संभावनाओं की तलाश कर रहे हैं और हमारी साझेदारी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए हमारे पास साझा दृष्टिकोण मौजूद है। हमारा साझा दृष्टिकोण एक ऐसी साझेदारी का निर्माण करेगा, जो सतत विकास, जलवायु संरक्षण संबंधी कार्य, नवाचार, डिजिटलीकरण, स्टार्टअप, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य, फिन-टेक और कार्यकुशलता जैसे नए व उभरते क्षेत्रों में सहयोग पर विशेष ध्यान देने के साथ भविष्य के भी अनुरूप हो।

***इतिहास बनने की ओर***

सिर्फ पांच महीने पहले, हम ऐतिहासिक कार्य- एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत की शुरुआत- के लिए आशा की साझा भावना के साथ आगे आए, जो न केवल व्यापार, वाणिज्य और निवेश के लिए बड़े अवसर पैदा करेगा, बल्कि एक कठिन- लेकिन संभावित रूप से परिवर्तनकारीङ्क कालखंड में दीर्घकालिक वैश्विक सुधार (रिकवरी) के लिए योगदान भी देगा।

प्रगति की पारस्परिक इच्छा और दोनों देशों के लोगों को दूरगामी लाभ पहुंचाने की अटूट प्रतिबद्धता दोनों पक्षों में गहरी थी। उद्देश्य की इस संयुक्त भावना ने वार्ता को प्रेरित किया, जो मौजूदा महामारी की चुनौतियों के बावजूद भी असाधारण तेज गति से आगे बढ़ी। आज, समझौता हस्ताक्षरित, मुहरबंद और पूरा कर लिया गया है। संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच समृद्धि और रणनीतिक सहयोग के एक नए युग के लिए मंच पूरी तरह तैयार है, जो दोनों देशों को नयी ऊंचाई पर ले जाएगा।

***तात्कालिक और भविष्य के विकास की राह खोलना***

दोनों राष्ट्रों को होने वाले प्रत्यक्ष लाभ बिल्कुल स्पष्ट हैं। पांच वर्षों में हमारा द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। यह आंकड़ा महामारी से पहले के स्तर से दोगुना है। बाजार तक पहुंच बढ़ने से निर्यातकों, आयातकों और उपभोक्ताओं सहित सभी हितधारकों को समान रूप से लाभ होगा। आवश्यक और उच्च स्तर के कुशल पेशेवरों को अपेक्षाकृत अधिक लचीलेपन का फायदा मिलेगा और दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए रोजगार के हजारों नए अवसर सृजित होंगे।

कई उत्पादों के मामले में, विशेष रूप से रत्न एवं आभूषण, वस्त्र, चमड़ा, जूते, प्लास्टिक, कृषि उत्पाद, इंजीनियरिंग का सामान और दवा (फार्मास्यूटिकल्स) जैसे श्रम-केंद्रित क्षेत्रों में भारतीय व्यापार जगत को बाजार तक बेहतर पहुंच हासिल होगी। दूसरी ओर, संयुक्त अरब अमीरात के निर्यातकों को विशेष रूप से पेट्रोलियम, धातु, खनिज, रसायन और पेट्रोकेमिकल्स जैसे उत्पादों के लिए भारत के बड़े बाजार में बेहतर पहुंच प्राप्त होगी। बदले में, भारत में प्लास्टिक, रत्न एवं आभूषण जैसे छोटे उद्योग कम कीमत वाले सामानों से लाभान्वित होंगे।

दोनों देशों के लोगों ने सदियों से चली आ रही निर्बाध आवाजाही का आनंद उठाया है। यह व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) भारतीय पेशेवरों को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रोजगार के बेहतर अवसर खोजने और वैश्विक मंच पर चमकने में सक्षम बनाएगा। दोनों पक्षों को मध्य पूर्व, अफ्रीका, यूरोप और अन्य क्षेत्रों के लिए एक रणनीतिक प्रवेश द्वार के रूप में संयुक्त अरब अमीरात की भौगोलिक स्थिति का भी लाभ मिलेगा। पूंजी के सभी रूप- वित्तीय, तकनीकी और मानव- एक नए और अधिक कुशल ढांचे के साथ दोनों दिशाओं में प्रवाहित होंगे। निजी निवेश लाने में मदद करने वाले सार्वजनिक पूंजी निवेश पर भारत का जोर- जैसाकि इसके हालिया बजट में परिलक्षित हुआ है- अपने विकास से संयुक्त अरब अमीरात को लाभ पहुंचाते हुए उसके निवेश के लिए अच्छे अवसर प्रदान करेगा।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम आकार के उद्यमों के लिए भी वैश्विक स्तर पर पहुंचना आसान होगा। भारत और संयुक्त अरब अमीरात में स्टार्टअप के आकर्षक, प्रतिस्पर्धी और पूरक इकोसिस्टम हैं और बैंगलोर, मुंबई, नई दिल्ली सहित भारत के विभिन्न राज्यों/शहरों से लेकर अबूधाबी और दुबई जैसे संयुक्त अरब अमीरात के व्यापारिक केंद्रों के लिए उद्यमिता का एक सुनहरा युग उभर रहा है। हमारा व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) स्टार्टअप को नए ग्राहकों, नेटवर्क और अवसरों तक पहुंच प्रदान करता है और एक लॉन्चपैड के रूप में गति बढ़ाने के लिए बेहतर तंत्र प्रदान करता है।

***भविष्य के लिए ऊर्जा***

दोनों देशों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में बेहद घनिष्ठ संबंध हैं। हम एक स्वच्छ और हरित भविष्य के लिए ऊर्जा के क्षेत्र में एक सामयिक, उपयुक्त और न्यायसंगत बदलाव के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों में पारस्परिक निवेश के साथ पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में हमारे संबंध अनूठे हैं। संयुक्त अरब अमीरात भारत के सामरिक पेट्रोलियम भंडार में भाग लेने वाला एकमात्र देश भी है।

दोनों देश गतिशील नई व्यापार और निवेश नीतियों का अनुसरण कर रहे हैं। वर्ष 2022 में भारत का निर्यात 400 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाने की उम्मीद है। हमारा बढ़ता द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2030 तक अपनी अर्थव्यवस्था के आकार को दोगुना करने के संयुक्त अरब अमीरात के प्रयासों में एक अहम भूमिका निभाएगा। सदियों से संयुक्त अरब अमीरात और भारत की नियति अटूट रूप से जुड़ी हुई है। मित्रता, विश्वास और उद्यमशीलता की भावना में निहित एक घनिष्ठ सहयोग हमारी अर्थव्यवस्थाओं, हमारे उद्योगों, हमारे शहरों और हमारे लोगों - वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों- के लिए असीमित अवसर पैदा करेगा। यही वह परिकल्पना है जिसकी हमें आकांक्षा है।

**पीयूष गोयल, वाणिज्य और उद्योग मंत्री, भारत सरकार और डॉ. थानी बिन अहमद अल जेयौदी, विदेश व्यापार राज्य मंत्री, संयुक्त अरब अमीरात सरकार ( यूएई ) द्वारा संयुक्त रूप से लिखा गया लेख।**

**श्रीमती अंजली जैन की कलम से...**



बातें तो करते हैं, बहुत
बड़ी-बड़ी, करो
आंवले जितना जतन
तब जानेगी दुनिया
तुम्हें क्या चीजं हो
तुम।

-अंजली जैन
7024460938




स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239




























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### उत्तर छग के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा या बूंदाबांदी की संभावना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में फिर मौसम बदलने लगा है। शनिवार को उत्तर छग के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा या बूंदाबांदी होने की संभावना है। स्थानीय मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में 19 फरवरी को अरब सागर से पश्चिमी हवा और बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त गरम हवा दक्षिण से आने के कारण हवा का संगम क्षेत्र प्रदेश में बनने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश में 19 फरवरी को उत्तर छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा बूंदाबांदी होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है जबकि न्युनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

### सीएससी आपरेटर भर्ती प्रक्रिया निरस्त

**दुर्ग।** लोक सेवा केन्द्र में आपरेटर पद हेतु तहसील कार्यालय में 03 पद भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसके लिए दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था, पूर्व में बर्खास्त किए गए ऑपरेटरों को शासन के आदेशानुसार बहाल किया गया है, ऐसी स्थिति में ऑपरेटर पद की भर्ती विज्ञप्ति निरस्त की गई है।

### मर्यादित बैंक भिलाई नगर के सदस्यता सूची के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित

**दुर्ग।** भिलाई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित भिलाई नगर के संचालन मंडल के निर्वाचन के लिए बैंक की सदस्यता सूची एवं मतदाता सूची तैयार करने के लिए राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेश पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनिल कुमार बनज सहायक पंजीयक सहकारी संस्था दुर्ग को नियुक्त किया गया है। बनज द्वारा भिलाई नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित भिलाई नगर के सदस्यता सूची का प्रकाशन 18 फरवरी को संस्था कार्यालय, उप पंजीयक सहकारी संस्था दुर्ग, कार्यालय जनपद पंचायत दुर्ग एवं जिला सहकारी बैंक मर्यादित भिलाई नगर की शाखा पावर हाउस में किया गया। जिसकी सूचना सभी सदस्यों को डाक द्वारा प्रेषित की गई है।

### ठकुराइन टोला में महाशिवरात्रि को लक्ष्मण झूला का भूमिपूजन करेंगे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

## अब सावन सोमवार में भी सुलभ हो सकेंगे भगवान शिव के दर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। महाशिवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हमेशा ठकुराइनटोला आते हैं और शिव जी के दर्शन करते हैं। यह मंदिर खारून नदी के बीचों-बीच स्थित है। बरसात के चार महीने जलस्तर अधिक होने के चलते दर्शनार्थियों के लिए नाव से ही मंदिर पहुंचने का विकल्प होता है।



सावन सोमवार के दिनों में जब दर्शनार्थियों की भीड़ अधिक होती है तो दिक्कत होती है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि में यहां लक्ष्मण झूला बनाने की घोषणा की थी। इस बार मुख्यमंत्री महाशिवरात्रि के दिन लक्ष्मण झूले का भूमिपूजन करेंगे। लक्ष्मण झूला लगभग 19 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होगा और अगले साल महाशिवरात्रि तक इसे तैयार कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री 2 करोड़ 75 लाख की लागत से तैयार होने वाले ठकुराइन टोला के समीप तट रक्षण कार्य का भूमि पूजन भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि पाटन में लगभग 112 करोड़ रूपए के जल संसाधन विभाग से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा एसएसपी बद्रीनारायण मीणा ने स्पॉट का निरीक्षण किया और इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू जनपद सभापति रमन टिकरिहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

ठकुराइनटोला में करेंगे सोलर सामुदायिक सिंचाई योजना का लोकार्पण- ठकुराइनटोला में मुख्यमंत्री सोलर सामुदायिक सिंचाई योजना का लोकार्पण करेंगे। इसकी लागत 1 करोड़ 51 लाख रुपए है और इससे तालाब भी भरे जाएंगे और खेती भी हो पाएगी। 10 एचपी के छह सोलर पंपों के माध्यम से सिकोला और ठकुराइनटोला के कृषकों को लाभ पहुंचेगा। मुख्यमंत्री सोनपुर में ग्लेजिंग यूनिट का भूमिपूजन भी करेंगे।

हमर लैब का होगा पाटन में लोकार्पण- मुख्यमंत्री इस अवसर पर हमर लैब का लोकार्पण भी करेंगे। यहां एडवांस डायग्नोस्टिक संभव हो सकेगा। इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री करेंगे। इसमें 50 तरह के टेस्ट नि:शुल्क किये जा सकेंगे। इसमें पाटन और ब्लाक के अन्य अस्पतालों के सैंपल का टेस्ट भी किया जाएगा। इसे हब एंड स्कोप माडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसका डिजाइन सेंट्रल आफ डिजीज कंट्रोल आफइंडिया द्वारा तैयार किया गया है।

तेजी से हो रहा एग्रीकल्चर कालेज का निर्माण कार्य- मर्रा में एग्रीकल्चर कालेज का निर्माण हो रहा है। कलेक्टर ने आज इसका निरीक्षण किया। एसो. प्रोफेसर डा. सीआर नेताम ने बताया कि इसका एक विंग बीज निगम द्वारा बनाया जा चुका है जिसमें गेस्ट हाउस और टिश्यू कल्चर लैब है। दूसरे विंग का निर्माण यूनिवर्सिटी द्वारा लगभग साढ़े सात करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। कैंपस साढ़े सोलह एकड़ एरिया में फैला है। सत्तर एकड़ क्षेत्र में उन्नत किस्म के बीजों के डिस्प्ले के लिए प्रक्षेत्र तैयार किया गया है और शेष एरिया में फ्लोद्यान बनाया गया है। जुलाई तक कैंपस के तैयार हो जाने की उम्मीद है।

दो बड़े स्टेडियम मर्रा और रानीतराई में- मर्रा और रानीतराई में दो बड़े स्टेडियम तैयार किये जा रहे हैं। यहां लगभग 7 करोड़ की लागत से इनडोर तथा आउटडोर गेम्स के लिए बड़ा इंफ्रास्क्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। यहां क्रिकेट, हाकी, फुटबाल जैसे गेम्स के साथ ही बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस जैसे इंडोर गेम्स के लिए भी अधोसंरचना बनाई जा रही है।

### खाकी के रंग कॉलेज के संग कार्यक्रम के अंतर्गत एमसीएमआईटी कॉलेज पहुंची कोरबा पुलिस

## कानूनी जानकारी, यातायात, साइबर क्राइम, गुड टच बैड टच एवं आत्मरक्षा संबंधी सिखाए गुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा।विद्यार्थियों को पुलिस के साथ जोड़कर देश सेवा का भाव जगाने, समाज और व्यवस्था के प्रति जिम्मेदारी के साथ आदर्श व्यक्ति और आदर्श समाज बनाने के साथ-साथ पुलिस के साथ मित्रवत संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा खाकी के रंग स्कूल के संग एवम खाकी के रंग कॉलेज के संग कार्यक्रम चलाया जा रहा है।



जिसके अंतर्गत पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी जिले के स्कूल,कलेजों में जाकर विद्यार्थियों को सामान्य कानून की जानकारी, यातायात के नियम, सायबर ठगी,सोशल मीडिया के उपयोग करते समय सतर्क रहने,बाल विवाह,गुड टच बेड टच,घरेलू हिंसा,पॉक्सो एक्ट सहित संकटकालीन परिस्थितियों में आत्मरक्षा के तरीके सिखाए जा रहे हैं । दिनांक 17 फरवरी 2022 को एमसीएमआईटी कॉलेज कोरबा में खाकी के रंग कॉलेज के संग कार्यक्रम किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सामान्य कानून, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, बाल श्रम ,सायबर ठगी, सोशल मीडिया के उपयोग करते समय सतर्क रहने,गुड टच बेड टच,पॉक्सो एक्ट सहित बुनियादी कानूनों की जानकारी दी गई साथ ही संकटकालीन परिस्थितियों में आत्मरक्षा के तरीके का प्रदर्शन किया गया।

इस कार्यक्रम में निरीक्षक भावना खंडारे, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कृष्णा साहू ,आर राकेश जांगड़े,मआर रेहाना फातिमा सहित पुलिस अधिकारी पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य,शिक्षकगण एवम स्टॉफ उपस्थित रहे।

## बलवा मॉक ड्रील का हुआ संयुक्त अभ्यास

दुर्ग। लॉ एण्ड ऑर्डर से जुड़ी परिस्थितियों से अधिक कुशलता पूर्वक निपटने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा बललवा मॉक ड्रील का संयुक्त अभ्यास किया गया।

अभ्यास वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी.एन. मीणा के मार्गदर्शन में हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम विनय पोयाम ने बताया कि एक कल्पित स्थिति पर एक्शन लेने की जिम्मेदार अधिकारियों को सौंपी गई। इसके पश्चात् परिस्थिति से निपटने की रणनीति के मुताबिक कार्य किया गया। पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़, रायपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग के मंशानुरूप पुलिस लाईन, दुर्ग में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग बी. एन. मीणा, के मार्गदर्शन में एवं अनंत साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला दुर्ग, संजय ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जिला दुर्ग, जितेन्द्र यादव, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग के नेतृत्व में बलवाड्रील का मॉकड्रील अभ्यास किया गया। बलवा मॉकड्रील में वैभव बैंकर, परिवरीक्षाधीन, कौशलेन्द्र देव पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी, आर. के. जोशी, भिलाई नगर, नसर सिद्धीकी, प्रधान आरक्षक 30, आरक्षक 165 एवं महिला आरक्षक 28 कुल 251 अधिकारी / कर्मचारी सम्मिलित हुए।

## छत्तीसगढ़ की पुरातन परम्पराओं के अनुरूप माघी पुन्नी मेला का आयोजन : जयसिंह अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़वासी बड़े सौभाग्यशाली है जहाँ भगवान राजीवलोचन का धाम है। भगवान राजीव लोचन के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में सुख समृद्धि और खुशहाली है। प्रदेश सरकार ने माघी पुन्नी मेला के मूलस्वरुप को पुनर्जीवित किया है। मेले में सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारियाँ सरकारी स्टाल लगाकर दी जा रही है।




राज्य सरकार प्रदेश के नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर रही है। उक्त बातें प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पुनर्वास मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने राजिम माघी पुन्नी मेला के तीसरे दिन राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग एवं गृह विभाग के संयुक्त कार्यक्रम में व्यक्त किये। मंत्री श्री अग्रवाल ने भगवान श्रीराजीव लोचन का दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने राजिम माघी पुन्नी मेला की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान सरकार छत्तीसगढ़ की पुरातन परम्पराओं के अनुरूप मांघी पुन्नी मेला का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में लोगों को नागरिक सुविधाएं देने के साथ ही विकास कार्य भी किये जा रहे है। इस अवसर पर राजस्व विभाग के हितग्राहियों को चेक वितरण भी किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा कि त्रिवेणी संगम में तीन जिलों का संगम होता है। यह मेला भगवान श्री राजीव लोचन की जयंती से प्रारंभ होकर भगवान शिव की जयंती तक 15 दिनों तक चलता है। छत्तीसगढ़ धर्म, आस्था एवं संस्कृति का केन्द्र है। मेले की गरिमा, संस्कृति को इस सरकार ने बरकरार रखा है।

कार्यक्रम में उन्होंने हितग्राहियों को सहायता राशि एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा नक्सल प्रभावित परिवार के सदस्यों को शासकीय सेवा हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा कोविड-19 से मृत्यु के 11 प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को 5 लाख पचास हजार रुपये सहायता राशि और प्राकृतिक आपदा 6-4 एवं सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर 6 हितग्राहियों को 24 लाख रुपये के चेक वितरित किए। उन्होंने कमार भुजियां जनजाति के 3 हितग्राही सहित 9 स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र वितरण, 5 हितग्राहियों को 2 हजार 484 हेक्टेयर भूमि का सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र एवं 9 हितग्राहियों को भू अर्जन की 47 लाख 94 हजार रुपये राशि का वितरण किया।

## राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अभिनव पहल अभियान-अनुतोश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के द्वारा अभियान ''अनुतोश'' प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत पेंशन एवं जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों के पीड़ित पक्षकारों को त्वरित विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी। राजेश वास्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में उक्त अभियान का संचालन दुर्ग जिले में किया जाएगा।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सिद्धार्थ अग्रवाल ने जानकारी दी है कि अभियान ''अनुतोश'' के अंतर्गत जिन भी जरूरतमंद व्यक्तियों को पेंशन संबंधित परेशानी है अथवा जनोपयोगी सेवाएं अर्थात परिवहन सेवा जिसमें यात्री एवं माल की ढुलाई हवाई, सड़क एवं जलमार्ग किया जाये, डाक, टेलीग्राफ या टेलीफोन सेवा, किसी संस्था के द्वारा जनता को बिजली, प्रकाश या पानी की आपूर्ति, सार्वजनिक संरक्षण या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल या औषधालय में सेवा, बीमा सेवा, बैंकिंग और अन्य वित्तीय संस्थानों की सेवा, किसी भी प्रतिष्ठान के द्वारा जनता को ईंधन की आपूर्ति, शिक्षा एवं शिक्षण संस्थान एवं आवास एवं अचल संपत्ति सेवाएं से संबंधित कोई भी परेशानी है तो वे इस संबंध में अपना आवेदन सीधे छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना उच्च न्यायालय भवन, बिलासपुर में अपने सम्पूर्ण विवरण के साथ प्रस्तुत कर सकते है। इस हेतु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के स्तर पर हेल्प डेस्क के रूप में विशेष व्यवस्था की गई है, जहां से प्रस्तुत आवेदनों पर विधि अनुसार अग्रिम कार्यवाही कर पीड़ित पक्षकारों को त्वरित राहत दिलाये जाने बाबत् आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। अवगत हो कि पीड़िता तर्शिला मिंज, जो शहीद की बेवा है, जो पेंशन एवं अन्य स्वत्व प्राप्त करने के लिए परेशान थी, इसी प्रकार सुदूर वनांचल सरईबहार में पहाड़ी कोरवा परिवार की दो बच्चियां विगत 15 वर्षों से जमीन पर पड़ी रहती है।





















## खास खबर

### अब फैक्ट्रियों के लिए विद्युत वार्षिक विवरण देना हुआ आसान

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा व्यापार तथा नागरिकों के हित में छत्तीसगढ़ विद्युत शुल्क नियम 1949 के नियम के तहत प्रत्येक फैक्ट्री द्वारा प्रारूप 'एच' एवं प्रारूप 'जे' के वार्षिक विवरण प्रस्तुत करने की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। यह निर्णय आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आयोजित केबिनेट की बैठक में लिया गया। उक्त दोनों प्रारूप को समाप्त करने तथा विद्युत वार्षिक विवरण संबंधी प्रारूप नियमों के सरलीकरण से विद्युत शुल्क की वसूली में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। केबिनेट के इस निर्णय से फैक्ट्रियों के लिए वार्षिक विद्युत विवरण जमा करने की प्रक्रिया सहज हो जाएगी। जिसके चलते अनुपालन भार में कमी आएगी और विद्युत संबंधी जानकारी एवं वसूली भी प्रभावित नहीं होगी।

गौरतलब है कि प्रपत्र 'एच' के तहत कारखानों के परिसरों के भीतर प्रदाय की गई या बेची गई विद्युत शक्ति का वार्षिक विवरण सम्मिलित की जाती है। उक्त प्रपत्र में कारखानों के समस्त विभागों में प्रकाश की व्यवस्था करने के लिए तथा कारखाने में आद्रीकरण हेतु उपयोग में लाये गये पंखों के लिए उपयोग की गई विद्युत शक्ति के मापन के संधारण हेतु प्रपत्र एच का उपयोग किया जाता है। चूंकि कारखाने द्वारा उपयोग में लाई गई बिजली राज्य के विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदाय की जाती है जिसका मीटरिंग कर वितरण कंपनी द्वारा जारी विद्युत देयक के माध्यम से विद्युत शुल्क की वसूली कर ली जाती है एवं वर्तमान प्रचलित व्यवस्था अनुसार उपभोक्ताओं द्वारा पृथक से प्रपत्र 'एच' में विवरणी मुख्य विद्युत निरीक्षकालय को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। उत्पादकों द्वारा विद्युत के उत्पादन एवं खपत की जानकारी छत्तीसगढ़ विद्युत शुल्क नियम 1949 के अन्य प्रपत्र 'जी' में प्रविष्टि कर मुख्य विद्युत निरीक्षकालय को प्रस्तुत करने की व्यवस्था प्रचलन में है। जिसके माध्यम से विद्युत शुल्क की वसूली की जाती है। उपरोक्त परिस्थिति में प्रपत्र एच के उपयोगिता नहीं रह जाती है। अतएव नागरिकों एवं व्यापार में विभिन्न अनुपालन भार को कम करने हेतु प्रपत्र एच को विलोपित करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह प्रपत्र 'जे' में विद्युत शक्ति जिस पर विद्युत शुल्क देय नही के संबंध में वार्षिक विवरण संधारित किया जाना है। उक्त प्रपत्र में उपभोक्ता का नाम, पता, छूट का वर्ग, प्रपत्र बी, सी, डी, ई, एफ जिसमें मासिक लेखा रखा गया है, मापन पद्धति का विवरण, भार जिसे छूट वाले संयोजक से संयोजित किया गया है जिस पर शुल्क देय है आदि का विवरण सम्मिलित है।

### सोसायटियों में रासायनिक उर्वरकों का तेजी से भंडारण कराने के निर्देश

**रायपुर।** कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने अपेक्स बैंक को उर्वरक अग्रिम उठाव योजना के तहत सोसायटियों में रासायनिक उर्वरकों का तेजी से भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उर्वरक अग्रिम उठाव योजना की तिथि 1 फरवरी से 31 मई 2022 तक निर्धारित है। इसके तहत मार्कफेड के संग्रहण केन्द्रों में उपलब्ध रासायनिक उर्वरकों एक फरवरी से 31 मई तक उठाव करने वाले कृषकों से समितियों द्वारा तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा समितियों से ब्याज की राशि अधिभारित नहीं की जाएगी। राज्य में मार्कफेड के 110 संग्रहण केन्द्र है। आज की स्थिति में मार्कफेड के संग्रहण केन्द्रों में विभिन्न प्रकार के 29 हजार 810 मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरक उपलब्ध हैं, जिसमें यूरिया 14 हजार 122 मेट्रिक टन, डीएपी 4748 मेट्रिक टन, पोटाश 2476 मेट्रिक टन, एनपीके 2594 मेट्रिक टन तथा सिंगल सुपर फास्फेट 5870 मेट्रिक टन शामिल हैं। उर्वरक अग्रिम उठाव योजना के तहत इनका भंडारण सोसायटियों में किया जाना है। इस संबंध में मार्कफेड के महाप्रबंधक द्वारा अपेक्स बैंक को पत्र भी लिखा जा चुका है। मार्कफेड के महाप्रबंधक केरकेट्टा ने बताया कि मार्कफेड द्वारा चालू रबी सीजन में बीते रबी सीजन की तुलना में यूरिया की अधिक आपूर्ति की गई है। चालू रबी सीजन में अब तक 31,441 मेट्रिक टन यूरिया सोसायटियों को प्रदाय की गई है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में मात्रा 22,998 मेट्रिक टन यूरिया प्रदान की गई थी। सोसायटियों में रबी सीजन के लिए अब तक 20,844 मेट्रिक टन डीएपी, 1721 मेट्रिक टन पोटाश, 715 मेट्रिक टन एनपीके तथा 4619 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट प्रदाय किया जा चुका है।

# हमारी 3 योजनाओं से किसानों के जीवन में आया बड़ा बदलाव : भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में रायपुर और दुर्ग के 10 गौठानों में जैविक गुलाल और पूजन सामग्री के उत्पादन के लिए किए गए एमओयू पर हस्ताक्षर

मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक पदार्थों से निर्मित उत्पादों के लिए एकीकृत 'अर्थ ब्रांड' किया लांच

गौठानों में 152 तेल मिलों और 173 दाल मिलों की होगी स्थापना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना और सुराजी गांव योजना किसानों के जीवन में बदलाव लाने वाली योजनाएं साबित हुई हैं। गोधन न्याय योजना को लगातार नया आयाम दिया जा रहा है। अब प्रदेश में गोधन न्याय योजना का संचालन मिशन के रूप में किया जा रहा है। इस योजना में गौठानों में गोबर के क्रय, वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने सहित गौठानों में संचालित विभिन्न आयमूलक गतिविधियों से स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है। आने वाले समय में गांव-गांव में बनाए गए गौठानों को और अधिक मजबूत किया जाएगा।



### गोबर विक्रेताओं को अब तक 127.79 करोड़ रूपए का भुगतान

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत क्रय किए गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट के उत्पादन से हमें रासायनिक उर्वरकों की कमी की समस्या का समाधान करने में सफलता मिली है। अब तक लगभग 127 करोड़ रूपए का गोबर क्रय किया गया। जिसमें से लगभग 91 करोड़ रूपए की वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट का विक्रय किया गया। इसके साथ ही साथ अन्य गतिविधियों से लगभग 51.36 करोड़ रूपए की आय स्व-सहायता समूहों द्वारा अर्जित की गई है। इसके अलावा स्व-सहायता समूहों और गौठान समितियों को कुल 79.39 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। जितनी राशि का गोबर खरीदा गया लगभग उतनी राशि अर्जित की गई है। आने वाले समय में गौठानों की व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले खरीफमौसम में भी किसानों के लिए वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट की उपलब्धता बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। चौबे ने सभी मंत्रिगणों से विभिन्न जिलों के भ्रमण के दौरान गौठानों का दौरा कर वहां संचालित गतिविधियों का निरीक्षण करने तथा उनमें अधिक सुधार के लिए अधिकारियों को सुझाव देने का आग्रह भी किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर राज्य के गौठानों में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा प्राकृतिक रूप से निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों के एकीकृत ब्रांडनेम 'अर्थ' को लॉन्च किया। इसके साथ ही बाजार में अर्थ ब्रांडनेम से महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के गिफ्ट हैम्पर विक्रय के लिए उपलब्ध हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अर्थ ब्रांड के लोगो का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी उत्पादों की मार्केटिंग वेबसाईट के माध्यम से की जाएगी। गौठानों में स्व-सहायता समूहों द्वारा प्राकृतिक पदार्थों पर आधारित इम्यूनिटी-टी, एसेंशियल ऑयल, साबुन, जैविक गुलाल और पूजन सामग्री जैसे उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनांदगांव जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जैविक-गुलाल और पूजन-सामग्री के निर्माण का कार्य शुरु किया गया था। वहां इसके लिए सखी समूह संगठन सोमनी और श्री गणेश ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू हुआ है। राजनांदगांव की बहनों को इस काम में बहुत अच्छी सफलता मिली है। अब इसी काम का विस्तार करते हुए इसे रायपुर और दुर्ग जिले के गौठानों में भी शुरु किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट के निर्माण के साथ बिजली उत्पादन, प्राकृतिक पेन्ट निर्माण, दाल मिलों और तेल मिलों की स्थापना जैसे कार्य हो रहे है। अब तक गौठानों में 18 तेल मिलों और 53 दाल मिलों की स्थापना का कार्य किया जा चुका है। गौठानों में 152 तेल मिल और 173 दाल मिल स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल राज्य में 97.98 लाख मेट्रिक टन धान खरीदी का नया रिकार्ड बना है। किसान भाईयों को 19 हजार 36 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों से हर साल धान खरीदी का नया रिकार्ड बन रहा है। प्रदेश में धान के रकबे और धान बेचने वाले किसानों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।

उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के किसान भाइयों के जीवन में जो बदलाव आया है, आज उसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। मैंने पिछले कुछ दिनों में उत्तरप्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड सहित कई राज्यों का दौरा किया है। दूसरे राज्यों में जब छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास की चर्चा होती है तो मुझे भी बहुत गर्व होता है।

कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने गोधन न्याय योजना की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से 97 हजार 529 भूमिहीन लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्वीकृत 10 हजार 591 गौठानों में 7933 गौठान निर्मित हो चुके हैं तथा 2300 गौठान निर्माणाधीन है तथा 2549 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी और फरवरी माह में किसानों ने गौठानों में लगभग 31.35 करोड़ रूपए की लागत का 15 लाख 67 हजार क्विंटल से अधिक पैरादान किया है। गोधन न्याय योजना के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एस. भारती दासन ने गौठानों में जैविक गुलाल और पूजन सामग्री के उत्पादन के लिए आज किए गए एमओयू के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का विस्तार रायपुर और दुर्ग जिले के 5-5 गौठानों में किया जा रहा है, जहां 75-75 महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों द्वारा जैविक गुलाल और पूजन सामग्री तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी एक वर्ष में लगभग 100 मेट्रिक टन जैविक गुलाल तैयार किया जाएगा, जिसकी कीमत 1.50 से 2 करोड़ रूपए होगी। इसी प्रकार 2 से 3 करोड़ रूपए मूल्य की 100 मेट्रिक टन पूजन सामग्री इन गौठानों में तैयार की जाएगी। महिलाओं को दैनिक पारिश्रमिक के अलावा उत्पादों को विक्रय से अर्जित आय का 5 प्रतिशत लाभांश के रूप में दिया जाएगा।

इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेसी भी उपस्थित थे।

### महिला समूहों और गौठान समितियों को जारी की 10.24 करोड़ रूपए की राशि

मुख्यमंत्री बघेल अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़े महिला समूहों और गौठान समितियों को 10 करोड़ 24 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की, इस राशि में 16 जनवरी से 15 फरवरी तक राज्य के गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किए गए गोबर के एवज में 5 करोड़ 62 लाख रूपए का भुगतान तथा गौठान समितियों को 1.88 करोड़ और महिला समूहों को 2.75 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल है। गोबर विक्रेताओं को गोबर खरीदी शुरू होने से लेकर अब तक 127 करोड़ 79 लाख रूपए राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार इस योजना के शुरू होने से लेकर अब तक स्व-सहायता समूहों और गौठान समितियों को कुल 79 करोड़ 39 लाख रूपए की भुगतान किया जा चुका है। कार्यक्रम में गौठानों में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से जैविक गुलाल एवं पूजन सामग्री तैयार करने के लिए संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी तथा गणेश ग्लोबल प्राईवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के तहत प्रथम चरण में दुर्ग एवं रायपुर जिले के 10 गौठानों में जैविक गुलाल एवं पूजन सामग्री निर्मित की जाएगी। इसके लिए दोनों जिलों के 150 महिला स्व-सहायता समूहों को जोड़ा गया है। महिला स्व-सहायता समूह जैविक गुलाल के साथ-साथ पूजन सामग्री जिसमें चंदन पाउडर, रूई बत्ती, कुमकुम, रोली, हवन आदि सामग्री तैयार करेंगी।

## मन से की गई मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है : सुश्री उइके



राज्यपाल छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में हुई शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** ''मन से की गई मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है'' उक्त बातें राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजभवन में छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय संघ द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. शिववरण शुक्ल के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही।

राज्यपाल सुश्री उइके ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. शुक्ल का संपूर्ण जीवन शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित रहा और आयोग के सदस्य एवं अध्यक्ष के रूप में निजी विश्वविद्यालयों को भी उनके अनुभवों का लाभ मिला। अपने संपूर्ण कार्यकाल में उन्होंने विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में सेवाएं दी तथा शिक्षाविद् के रूप में उनके कार्य विद्यार्थियों के साथ-साथ उच्च शिक्षा से जुड़े संस्थान और शोधार्थियों के लिए भी अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि कर्मठ व्यक्ति के लिए कोई भी राह कठिन नहीं होती है और यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि डॉ. शुक्ल न केवल कर्मठ हैं, बल्कि अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते आ रहे हैं। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि जो व्यक्ति पूरी तन्मयता के साथ कार्य करता है उसके लिए सभी चुनौतियां बौनी साबित होती है। उन्होंने अपने प्राध्यापक जीवन के दिनों का स्मरण करते हुए कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ हो और सबको समान अवसर भी प्राप्त हो। निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष के रूप में डॉ. शुक्ल ने ऐसे उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिससे दीर्घकाल में आयोग के साथ-साथ छात्र भी लाभान्वित होंगे। सुश्री उइके ने डॉ. शुक्ल के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि बतौर शिक्षाविद् उनका योगदान सदैव अतुलनीय व स्मरणीय रहेगा। उच्च शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन उमेश पटेल ने भी विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. शुक्ल के भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सेवानिवृत्ति किसी भी व्यक्ति के जीवन का पड़ाव मात्र है। सेवानिवृत्ति के बाद डॉ. शुक्ल अपनी रूचि का तथा रचनात्मक कार्य करें, हर्षित रहें, प्रफुल्लित रहें।

## राजिम माघी पुन्नी मेला के मुख्यमंच पर लोक प्रयाग के कलाकारों ने लुप्त हो रही संस्कृति को किया जीवित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम।** माघी पुन्नी मेला के मुख्य मंच पर सांस्कृतिक बेला की शुरूवात संध्या 5 बजे से शुरू हुई। इसमें छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक प्रसिद्ध पंथी नृत्य दिनेश जांगडे द्वारा परंपरागत वेशभूषा के साथ-साथ पंथी मे दिखाए जाने वाले अश्चर्यजनक करतब दिखा कर दर्शकों को अपनी ओर आर्किर्षत किया। इसके बाद कुम्हारी से आये महेश वर्मा के लोकमया ने भी सांस्कृतिक मंच में अपनी छटा बिखेरने मे सफलता हासिल की। उनकी पहली प्रस्तुति छत्तीसगढ़ महतारी... ये गीत ने तो कमाल मचा दिया। दर्शकों ने गुनगुनाना आरम्भ कर दिया। क्योकि इस गीत ने राजिम मे बैठे-बैठे छत्तीसगढ़ का दर्शन करा दिया। अगली प्रस्तुति में जसगीत के रूप में माता मोर नाचे रे.....ने दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। हमारे छत्तीसगढ़ में बहुत से गीत है जिसमें मुख्यरूप से कर्मा, ददरिया की प्रस्तुति महेश वर्मा के सहयोगी कलाकारों के द्वारा दी गई, तो सांस्कृतिक मंच छत्तीसगढ़ परम्परा से परिपूर्ण हो गया था।

इसी के साथ लोक मया के राकेश और यशवंत ठाकुर द्वारा लघु नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसमें ऐसे संवादों का उपयोग हुआ जिसको सुन कर दर्शक इतने हंसे कि पेट मे दर्द होना शुरू हो गया। जैसे ही हास्य कलाकारों ने संवाद में कहा कि ऐहा ले दे के बने हे सरपंच इसके अर्थ को समझ कर दर्शक खूब हंसे और आनंदित हो कर नाटक का



आनंद लिए। नाटक का आधार गोधन पर आधारित था। इसी के साथ लोक मया के कलाकार रीता और सीता वर्मा के द्वारा बही बना दिये बुन्देला जैसे ही यह गीत मंच पर आरम्भ हुआ तो कई बुजूर्ग दर्षक अपने जवानी के दिनों मे जब रेडियो का जमाना था। तो ऐसी गीत केवल आकाषवाणी रायपुर से सुनने को मिलता था। लोक प्रयाग की पहली प्रस्तुति माँ दुर्गा की उपासना से शुरू हुआ। भवानी दुर्गा दाई....... इस गीत मे नृत्य कर रहे कलाकारों ने छत्तीसगढ़ वेषभूषा धारण किये थे। अरपा पैरी के धार महानदी के अपार ये राजकीय गीत की प्रस्तुति सांस्कृतिक मंच पर दे कर अरपा, पैरी, महानदी और इंदरावती के छायाचित्रों को सांस्कृतिक मंच पर रख कर दर्षकों को दर्षन कराया। माटी मोर भुईया....गीत को बांसगीत के माध्यम से गाया गया ये लोकप्रयाग का एक अच्छा प्रयास है कि बांसगीत गाने वाले लुप्त हो रहे है लेकिन इनका प्रयास इन्हे पुनः जीवित करने का है। मुख्य मंच के समीप बैठे दर्षकों ने जब ये गीत सूने जै गंगान हाथ उठा कर दान ने उन्हे अपने बचपन का दिन याद आ गए। जब राजिम मेला शुरू होता था तो मोहल्ला में जै गंगान कहते हुए भीक्षा मांगते थे जो अब पूर्णतः लुप्त हो गये है। लेकिन कला मंच लोक प्रयाग संस्था का प्रयास बहुत ही सराहनी रहा। इसके बाद कारी बादर के कजरा लगा ले...गीत ने मंच पर धूम मचा ली। और खूब तालियां टोरी लोक प्रयाग सांस्कृतिक मंच का राजिम माघी पुन्नी मेला का एक ऐसा सांस्कृतिक विरासत है इसमें हमे नया पन देखने को मिला।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















## खास खबर

### रवि जाधव छत्रपति शिवाजी महाराज पर बनाएंगे बायोपिक

छत्रपति शिवाजी महाराज पर बनने वाली फिल्म का ऑफिशल अनाउंसमेंट हो गया है। इस फिल्म का डायरेक्शन नेशनल अवार्ड विनर रवि जाधव करेंगे। इसे इरोस नाउ और आनंद पंडित मोशन पिक्चर प्रोड्यूस करेंगे। इस बात की जानकारी फिल्म और ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर शेयर कर दी है।

### आंचल सिंह स्टारर अनदेखी-2 का ट्रेलर हुआ आउट

अनदेखी के सीजन 2 का प्रोमो रिलीज हो गया है। इस बात की जानकारी मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर कर दी है। इस सीरीज में आंचल सिंह, दिब्येंदू भट्टाचार्य, तेज सप्रू, हर्ष छाया और सूर्य शर्मा नजर आएंगे। अनदेखी को एप्लॉज इंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। यह सीरीज 4 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर रिलीज होगी।

### देबिना बनर्जी ने की प्रेगनेंसी के दौरान होने वाली परेशानियों पर बात

टीवी एक्ट्रेस देबिना बनर्जी और गुरमीत चौधरी जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। हाल ही में देबिना ने सोशल माडिया पर एक वीडियो शेयर की और प्रेगनेंसी के दौरान होने वाली परेशानियों के बारे में खुलकर बात की। दरअसल, देबिना ने प्रेग्नेंसी के दौरान खूब जंक फूड खाया था, लेकिन इस वजह से देबिना को गैस, ब्लोटिंग, पेट में जलन और एसिडिटी की समस्या काफी ज्यादा हो गई थी। तब देबिना ने गट क्लीनिंग डायट लेकर अपनी बिगड़ी तबीयत को ठीक किया था।

### अली ने जैस्मिन से ब्रेकअप की खबरें को कहा फेक

बिग बॉस फेम जैस्मिन भसीन और अली गोनी के ब्रेकअप की खबरें कई दिनों से सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। कहा जा रहा था कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है, लेकिन अब इन सभी अफवाहों पर अली ने मुंह बंद करने वाला जवाब दिया है। अली ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा है, जानकर दुख हुआ कि आप एक पत्रकार हैं जो फेक न्यूज फैला रहा हैं...इससे भी ज्यादा दुख की बात यह है कि आपका अकाउंट वेरिफाइड है.... कई और दुखद खबरें भी हैं, लेकिन अभी के लिए फिलहाल इतना ही...। अली के इस पोस्ट से यह साफ हो गया है कि दोनों के बीच सब सही है और यह एक फेक न्यूज है।

### भारती सिंह ने की हुनरबाज के सेट पर मिथुन चक्रवर्ती के साथ मस्ती

हुनरबाज के मेकर्स ने कॉमेडियन भारती सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वो शो के जजिस के साथ मस्ती करती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में भारती, मिथुन चक्रवर्ती से उनके लिए एक वीडियो बनाने की जिद कर रही हैं और खुद को गरीब बता रही हैं। लेकिन जैसे ही मिथुन ये बात सुनते हैं वैसे ही वो कहते हैं, 'तू और गरीब!'। साथ ही भारती शो के अन्य जजों के साथ भी मस्ती-मजाक करती नजर आ रही हैं।

### मुनमुन दत्ता ने शुरू किया अपना नया बिजनेस वेंचर

टीवी एक्ट्रेस बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता ने सोशल मीडिया के जरिए फैन्स के साथ एक गुड न्यूज शेयर की है। मुनमुन ने हाल ही में एक फूड बिजनेस की शुरूआत की है। यह बिजनेस उन्होंने अपने राखी ब्रदर और रेड चिली एंटरटेनमेंट के ओनर केयूर सेठ के साथ शुरू किया है। साथ ही मुनमुन ने यह भी बताया कि जो बिजनेस उन्होंने शुरू किया है, वो एक क्लाउड किचन है।

### सलमान खान और कटरीना कैफने दिल्ली में की फिल्म की शूटिंग

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान और कटरीना कैफ इन दिनों अपनी फिल्म 'टाइगर 3' की शूटिंग दिल्ली में कर रहे हैं। हाल ही में इस फिल्म के सेट्स से सलमान और कटरना की कुछ फोटोज लीक हुई हैं, जिसे देखकर ऐसा लग रहा है कि दोनों को चोट लग गई है। यह फोटोज सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही हैं।

# अब समय आ गया है कि वेब सीरीज और फिल्मों को फीमेल एक्टर्स भी लीड कर सकती हैं : यामी गौतम

**एक्ट्रेस यामी गौतम इन दिनों अपनी फिल्म 'ए थर्सडे' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी यह फिल्म एक दिन पहले शुक्रवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। बेहजाद खंबाटा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में यामी के अलावा डिंपल कपाड़िया, नेहा धूपिया और अतुल कुलकर्णी लीड रोल में नजर आ रहे हैं। यामी ने इस फिल्म और अपनी पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी कई बातें शेयर की हैं।**



### अब तक ऐसा कौन-सा किरदार रहा, जिससे निकलने में सबसे ज्यादा समय लगा?

मैं कहूंगी कि टाइम नहीं लगा, पर 'ए थर्सडे' में नैना का किरदार निभाते वक्त कुछ अलग फील हुआ। जिस तरह से उसका जो इमोशनल वेट है, जो मुझे पकड़कर रखा था। अमूमन शूटिंग का आखिरी दिन होता है, तब बहुत खुश होते हैं कि अच्छा काम हुआ, फीलिंग अच्छी है, सबको अच्छी तरह से गुड बॉय बोलना चाहिए। लेकिन, मुझे याद है, जिस दिन ए थर्सडे के सेट पर शूटिंग का आखिरी दिन था, उस दिन बहुत इमोशनल थी। एक सुकून भी था और सेम टाइम ऐसा भी लगा कि यह कैरेक्टर ऐसा भी कर सकता है।

### ओटीटी पर कुछ ऐसी सीरीज और फिल्में आ रही हैं, जिसे एक्ट्रेस लीड कर रही हैं, इस जिम्मेदारी का प्रेशर, परिवर्तन आदि के बारे में बताइए?

यह बहुत अच्छी बात है। मैं चाहूंगी कि चाहे यह ओटीटी हो या बड़ा पर्दा, पर इसे कायम रहना चाहिए। सेम टाइम चाहूंगी कि हम अच्छी फिल्में बनाएं। सिर्फ यही होना काफी नहीं होगा कि यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे फीमेल एक्ट्रेस लीड कर रही है। हालांकि, यह बहुत बड़ी साहस की बात है। यह साहस राइटर, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और एक्टर में आया है। यह जानने के बाद भी हमारा स्ट्रक्चर सालों से रहा है कि फिल्म का इकोनॉमी आदि सारी चीजें मेल एक्टर पर निर्भर करता है। इन चीजों को बदलने में समय लगता है। आई थिंक, वह समय आ गया है, जहां पर लोग चीजों को अलग नजरिए से देख रहे हैं। मुझे लगता है कि ऑडियंस का नजरिया बहुत प्रोग्रेसिव है। उनको फर्क नहीं पड़ता कि इसे मेल या फीमेल एक्टर कर रहे हैं। उनको अच्छी फिल्में, अच्छे शोज और अच्छी परफॉर्मेंस चाहिए।

अब समय है कि अच्छी राइटिंग हो। अच्छे किरदार लिखे जाएंगे, तब अच्छे हमें मिलेंगे और अच्छे किरदार निभाए जाएंगे। टैलेंट में कमी कहीं नहीं है। जितनी अच्छी फिल्में बनेंगी, वह उतना अच्छा परफॉर्म करेंगी। वह अच्छा परफॉर्म करेंगी, तब रेवेन्यू अच्छा होगा और तब प्रोड्यूसर को लगेगा कि हां, बिल्कुल बैक कर सकते हैं। सोचिए, उस जमाने में मदर इंडिया आई। उस जमाने की नूतन, मधुबाला, मीना कुमारी, श्रीदेवी, स्मिता पाटिल आदि से लेकर अब विद्या बालन, कंगना रनोट, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण आदि हैं। अगर आप इस साल का फरवरी महीना देखें, तब पहले तापसी पन्नू की फिल्म 'लूप लपेटा', भूमि पेंडेकर की फिल्म 'बधाई दो', मेरी और नेहा धूपिया की 'ए थर्सडे', आलिया भट्ट की 'गंगूबाई' आदि फिल्में आ रही हैं। आई थिंक, अब वक्त बदल रहा है। मैं चाहूंगी कि थिएटर 'बधाई दो' जैसी लो बजट की फिल्में थिएटर में बहुत अच्छा करें। यह मुश्किल होगा, इसे झुठला नहीं सकते। क्योंकि हम सब मुश्किल वक्त से गुजर रहे हैं। टाइम लगेगा, पर हो जाएगा। अच्छी चीजों को लोग गले लगाने के लिए मौजूद हैं।

### अपने उस स्वभाव और अदा के बारे में बताइए, जो कम लोगों को पता है?

मुझे लगता है कि मैं बहुत जल्दी किसी के हाव-भाव को पकड़ लेती हूं। कुछ समय किसी के साथ वक्त बिता लेती हूं, तब अगली बार उनकी तरह बात कर करने लग जाती हूं। उसको फनी बनाना और एकदम बातों में ले आने में मुझे बहुत मजा आता है। पता नहीं लोग जानते हैं कि नहीं, पर मुझे पहाड़ों से बहुत प्यार है, नेचर से बहुत प्यार है। ऑफकोर्स, मेरा जन्म वहां हुआ है। जब ऐसे किसी लोकेशन पर शूट करती हूं, या स्पेशली घूमने जाती हूं, तब उसे देखती हूं और फिक्र बहुत कम लेती हूं। मुझे लगता है कि आंखें जो देखती हैं, उससे रूह को बहुत सुकून मिलता है। वहीं पर मुझे बहुत गुस्सा आता है, जब देखती हूं कि कुछ लोग उसे गंदा करके जाते हैं। आपको अच्छा लगता है, इसलिए सेलिब्रेट करने के लिए वहां जा रहे हैं। लेकिन, गंदा करते हैं, तब गुस्सा आता है। वैसे मुझे गुस्सा बहुत कम बातों पर आता है, लेकिन जिन बातों पर आता है, उसमें से यह एक है।

### कुछ साल पहले पोल डांस सीख रही थीं? कितना सीख पाईं और कितना रह गया?

तीन साल पहले सीख रही थी। साल 2020 लगने के बाद तो अब सब कुछ रह गया। वह किसी किरदार के लिए नहीं सीख रही थी। मुझे फिटनेस में कुछ न कुछ करना अच्छा लगता है। जैसे मैंने लॉकडाउन के दौरान योग पर काफी काम किया। वह भी खुद से किया। मुझमें जो क्षमता है, जिस पर लगता है कि वर्क कर सकती हूं, उसे किया। कुछ अलग करते रहना चाहिए। उसमें एफर्ट भी लगता है और कुछ नया सीखते भी रहते हैं।

### कुछ महीनों पहले अपनी स्किन के बारे में पोस्ट किया था, अब तबियत कैसी है?

देखिए, यह तो एक कंडीशन है और यह कंडीशन मुझे टीन एज ईयर से थी। यह बहुत कॉमन कंडीशन है। इसको पोस्ट करने का मतलब भी यही था कि इस कंडीशन को ठीक करना बहुत मुश्किल है। चूंकि यह आपकी स्किन पर है, तब दिखता है। बहुत बार ऐसा होता है कि लोग बोलते हैं- अरे! ओहो यह क्या हुआ? या फिर शूट करते हैं, तब कोई बोलता है कि इसको कवर करना है, इसको ए-ब्रश कर देते हैं। इसको एक्सप्रेस करने का मतलब यही था। यह शूट मेरा खुद का था, वह किसी ब्रांड या किसी चीज से रिलेटेड नहीं था। मेरा मन किया कि इसे शेयर करूं। इस पर जिस तरह रिस्पांस आया है, वह बहुत सराहनीय रहा। अगर सोशल मीडिया का अच्छा वाला पार्ट देखें, तब यह है। अगर आप अच्छी बात कहना चाहते हैं, जिससे लोगों को अच्छा लगे, तब यह अपनी बात रखने का एक अच्छा जरिया है।

### आपकी खूबसूरती का राज क्या है और इसे मेनटेन रखने का तरीका क्या होता है?

देखिए, यह सच है कि सबसे बड़ी खूबसूरती आपकी आंखों में होती है। मैंने तो बताया कि मुझे तो स्किन कंडीशन है। खूबसूरती का राज यही है कि आप जैसे हैं, वैसे खुद को एक्सेप्ट करें और प्यार करें। सभी सुंदर हैं। मेरा मानना है कि हर किसी का एक स्वभाव होता है और वह स्वभाव चेहरे पर उभर कर आता है। अगर अच्छा है, तब अच्छा ही आएगा। उसमें आपके फीचर वगैरह कुछ मायने नहीं रखता है। आपकी खूबसूरती की पहचान मुझे लगता है कि आपके स्वभाव से होती है। अगर आप चेहरे की बात करें, तब कहूंगी कि यह तो मेरे माता-पिता की देन है। इसमें मैं क्या क्रेडिट लूं। हां, यह कहूंगी कि आप अच्छा खाएं, पानी खूब पिएं और खुश रहें। अगर आप खुश रहेंगे, तब अच्छे लगेंगे। जिस दिन आप खुश नहीं रहेंगे, तब खुद ही देख सकते हैं कि उस दिन वह तनाव चेहरे पर आता है। फिर आपने चेहरे पर कुछ भी लगाया हो, उसका कोई फायदा नहीं होता है।

## शादी के बंधन में बंधे विक्रांत मैसी और शीतल ठाकुर प्राइवेट सेरेमनी कर लिए 7 फेरे

एक्टर विक्रांत मैसी ने अपनी लॉन्गटाइम गर्लफ्रेंड शीतल ठाकुर से शादी कर ली है. विक्रांत और शीतल ने प्राइवेट सेरेमनी की जिसमें उनके परिवार वाले और कुछ करीबी दोस्त ही मौजूद रहे. 18 फरवरी को कपल ने अग्नि को साक्षी मान सात फेरे लिए और एक दूसरे को पति पत्नी के रूप में स्वीकार किया. बता दें, विक्रांत मैसी और शीतल ने शहर के शोरशराबे से दूर ठंडी वादियों के बीच हिमाचल प्रदेश में शादी की है. सोशल मीडिया पर विक्रांत और शीतल की एक तस्वीर खूब वायरल हो रही है जो कि शादी के मंडप की है. मंडप पर शीतल और विक्रांत रस्में पूरी करते नजर आ रहे हैं. विक्रांत ने अपनी शादी में व्हाइट कलर की शेरवानी पहनी थी वहीं शीतल रेड कलर का ब्राइडल लहंगा पहने नजर आई थीं. विक्रांत और शीतल लंबे समय से एक दूसरे को जानते हैं, इस दौरान दोनों रिलेशनशिप में आ गए. साल 2019 में विक्रांत और शीतल ने रोका सेरेमनी की थी. कोईमोकई को दिए इंटरव्यू में एक्टर ने इस खबर की पुष्टि की थी कि दोनों ने सगाई कर ली है.

विक्रांत ने शादी से पहले नया फ्लैट लिया था. उन्होंने बताया था कि वह शीतल के साथ नए घर में शिफ्ट हो गए हैं, जो कि काफी बड़ा है. हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 में विक्रांत ने अपने नए घर की झलक फैंस को दिखाई थी. उस वक्त वह फ्लैट पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ था.

## नशे में धुत मिली एक्ट्रेसः काव्या थापर को मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार



तमिल और तेलुगू फिल्मों की एक्ट्रेस को जुहू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर शराब पीकर गाड़ी चलाने और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों से बदतमीजी करने का आरोप लगा है। दरअसल उन्होंने एक एक्सीडेंट कर दिया था, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया था। इसके बाद उन्होंने पुलिस से बदतमीजी भी की और अभद्र भाषा का इस्तेमाल भी किया। अब कोर्ट ने उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है।

काव्या पर आरोप है कि वो शराब के नशे में कार चला रही थीं। साथ ही उन पर एक व्यक्ति को ठोकर मारने का भी आरोप है। पुलिस ने जब उन्हें रोका तो उन्होंने पुलिस के साथ हाथापाई की अधिकारियों से गाली-गलौज भी की।

### साउथ की फिल्मों में दिखाई देती हैं काव्या

काव्या की बात करें तो वो मुख्य रूप से साउथ की फिल्मों में दिखाई देती हैं। उनका जन्म 20 अगस्त 1995 को महाराष्ट्र में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल से पूरी की है। उन्होंने ठाकुर कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज से ग्रेजुएशन किया है। पढ़ाई पूरी करने के बाद ही उन्होंने शोबिज की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने फिल्म 'तत्काल' से डेब्यू किया था। यह एक शार्ट फिल्म थी। फिर इसके बाद वो तेलुगू फिल्म 'इ माया पेरिमेतो' में भी नजर आई थीं।

## नेपोटिज्म पर कंगना बोलीं: मुझे इससे दिक्कत कभी नहीं रही, मुझे प्रॉब्लम उनसे रही है जो आउटसाइडर्स के खिलाफ गैंग बनाते हैं



बॉलीवुड क्वीन कंगना रनोट हर मुद्दे पर अपने विचार रखती हैं। इस तरह वह हमेशा से ही इंडस्ट्री में नेपोटिज्म के खिलाफरही हैं और आवाज भी उठाती रही हैं। लेकिन अपने अपकमिंग रियलिटी शो के प्रमोशन के इंटरव्यू के दौरान उन्होंने नेपोटिज्म पर बात करते हुए कहा, नेपोटिज्म से मुझे कभी प्रॉब्लम नहीं थी। इसके साथ ही उन्होंने एकता कपूर का सपोर्ट भी किया है।

### एकता कपूर बुली गैंग का हिस्सा नहीं रहीं

कंगना के एक फैन ने सोशल मीडिया अकाउंट पर उनके इंटरव्यू को शेयर किया। इसमें उन्होंने नेपोटिज्म के सवाल पर बात करते हुए कहा, इंडस्ट्री में नेपोटिज्म मेरी प्रॉब्लम रही ही नहीं। मेरी प्रॉब्लम उनसे रही है जो आउटसाइडर्स के खिलाफ गैंग बनाते हैं क्योंकि यह उनके बाप-दादा की जगह है। इसमें डिफरेंस है अगर आप अपनी काम शांति से करते हो तो कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन आप यह कहो कि यह आउटसाइडर है यह यहां नहीं होना चाहिए क्योंकि यह हमारे बाप-दादा की जगह है। क्या यह गलत नहीं है। एकता कपूर कभी भी इस बुली गैंग का हिस्सा नहीं रही हैं। इस बात की गारंटी मैं आपको दे सकती हूं।

### 27 फरवरी से स्ट्रीम होगा शो

कंगना एकता कपूर के रियलिटी शो लॉक अप से अपना डिजिटल डेब्यू कर रही हैं। यह शो 27 फरवरी से 24×7 ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर और अल्ट बालाजी पर स्ट्रीम होगा। शो में इंडस्ट्री के 16 कॉन्ट्रोवर्शियल कंटेस्टेंट होंगे, जो एक जेल में बंद रहेंगे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- 9303289950, 9827806026, 8962815243





















## खास खबर

### मेले में लगा हस्ताशिल्प उद्योग का स्टॉल लोगों को कर रहा आकर्षित

**राजिम।** माघी पुन्नी मेला में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को हो सकें इसके लिए विभिन्न विभाव द्वारा शासकीय स्टॉल लगाया गया है। शासकीय स्टॉल छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड में सभी मेलार्थियों को योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। माघी पुन्नी मेला के दूसरे दिन इस स्टॉल में जुटी भीड़ हाथों से निर्मित सुंदर आकर्षक समानों के बारे में जानने के लिए उत्सुक नजर आए। हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रभारी एच.बी. अंसारी ने बताया कि हम विगत कई वर्षो से मेले में प्रदर्शनी लगाते है और योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों को बताकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास करते है। हस्तशिल्प उद्योग का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण देकर रोजगार देना और सामग्री का अधिक से अधिक क्रय करना है, जिससे आर्थिक पक्ष मजबूत हो। मार्केटिंग से जोड़ना और देश के विकास में सहयोग प्रदान करना है। हस्तशिल्प के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम है। इसके द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बहुतायत शिल्पकार इस हस्ताशिल्प उद्योग से रोजगार प्राप्त कर रहे है। परंपरागत हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, तकनीकि डिजाईन कार्यशाला एवं विपणन गतिविधियों के माध्यम से योजना संचालित की जाती है। छत्तीसगढ़ प्राचीन हस्तशिल्प कलाओं की धरोहर है। प्रदेश में वर्तमान में लगभग 14 प्रकार के शिल्प कलाएं प्रचलित है जिसमें मुख्यत: शिल्पों में ढोकरा, लौह, पत्थर, मिट्टी, काष्ठ एवं बांस शिल्प है। इसके अतिरिक्त कौड़ी, जुट, पारंपरिक, गोंदना शिल्प, आदिवासी पेटिंग एवं भित्ती शिल्प आदि प्रमुख है। छत्तीसगढ़ शासन का प्रतिवर्ष माघी पुन्नी मेले में इस स्टॉल को लगाने के पीछे उद्देश्य यह है कि गरीब से गरीब लोग इस योजनाओं को जाने, सीखें, समझे और कुछ करने के लिए उत्साहित हो। कई बार जानकारी के अभाव में वे कुछ भी कार्य नहीं कर पाते। परंपरागत एवं गैर परपरागत शिल्पियों को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय बाजार की बदलती मांग से अवगत कराने के लिए तकनीकी एवं रूपांकन सहायता प्रदान करना।

## त्रिवेणी संगम की रेत पर राजिम मेला का दृष्य हुआ सुहावना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम।** छत्तीसगढ की प्रसिद्ध त्रिवेणी संगम राजिम मेला का दृष्य अत्यंत सुहावना हो गया है। राजिम पुल से लेकर बेलाही घाट पुल एवं चैबेबांधा पुल तक लाइटों की रोशनी से जगमग दिख रहा है। आने वाले श्रध्दालुओं को तकलीफन हो इस बात ध्यान रखते हुए मेला प्रशासन ने सड़को पर लाइट लगाकर व्यस्थित कर दिया है। दूसरी ओर नदी की रेत पर तकरीबन पांच किलोमीटर की दूरी तक अस्थाई शहर बसा हुआ है। प्रयाग नगरी के प्रथम दर्शन मामा-भांचा मंदिर से लेकर सीधे कुलेश्वरनाथ महादेव एवं लोमष ऋषि आश्रम के पिछला भाग से होते हुए नेहरू घाट नवापारा से अटल घाट राजिम तक अस्थाई रेत की सड़कें बनाई गई है। वाहनों के लिए पत्थर बिछाकर आवागमन को व्यस्थित किया गया है इस बार सड़को की चैड़ाई 12 की जगह 15 फीट कर दी गई है इससे श्रध्दालुओ को घुमने में कोई दिक्कत नहीं हो रही है। प्रदेश शासन की सोच एवं जिम्मेदार अधिकारियो की मेहनत स्पष्ट रूप से दिखायी दे रही है। मेला इस वर्ष पुरानी जगह लगा हुआ है। प्रतिदिन हजारो श्रध्दालु दर्शन भ्रमण के उपस्थित हो रहे है।

# मुख्य मंच पर महोत्सव मंच की आधुनिक सुंदरता को देख दर्शक हो रहे मंत्रमुग्ध

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम। राजिम माघी पुन्नी मेला के मुख्यमंच को इस वर्ष विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसकी भव्य सुंदरता देखते ही बनती है। मंच सज्जा करते प्रभारी विभाग के कर्मचारियों से चर्चा करने पर बताया कि मुख्य सांस्कृतिक मंच को कलाकारों के कार्यक्रम के अनुरूप इसमें एल.ई.डी. लगाया गया है और मंच को गोल्डन फ्रेम से मंदिर का आकार दिया गया है।**

जिसमें एलईडी के ऊपर भगवान शिव पार्वती, श्री राजीव लोचन और गंगा मैया के छायाचित्र को फ्रेम अंदर स्थापित कर लाईटों से सुसज्जित किया गया है तथा स्वागत द्वार में बाँस से बनी जालीदार चटाई के बीचों बीच टोकरी में गेंदा फूल से बना स्वास्तिक बहुत ही आकर्षक दिखाई दे रहा है।

मंच के दायीं ओर भगवान श्री राजीव लोचन की प्रतिमा को भी गोल्डन फ्रेम के मंदिर में विराजीत किया गया है। मंच को विभिन्न प्रकार के रंगीन लाईटों से भी सजाया गया है। मंच के आऊटर को भी गेंदा फूल के झालरों से सजाया गया है तथा मंच के सामने भाग में छोटे-छोटे गमलों से सजे पौधे बहुत ही सुन्दर दिखाई दे रहे है और नीचें लगे रंग-बिरंगे मुलायम कॉरपेट मंच की शोभा बढ़ा रहे है।




मंच पर लगे एलईडी में कार्यक्रमों प्रदर्शित किया जा रहा है, जिससे दर्शक दीर्घा में बैठे मेलार्थियों को स्पष्ट रूप से मंच पर होने वाले कार्यक्रम दिखाई पड़ते है। मंच के दायीं ओर भी प्रोजेक्टर के माध्यम से पर्दे पर फोकस किया जा रहा है, रंग-बिरंगे डिस्को लाईट लोगों का मनमोह रहा है। जिससे वे कार्यक्रमों को देखकर उनका भरपूर आनंद उठा रहे है। इस बार दर्शकदीर्घा को भी अलग-अलग ब्लाकों में बाँटा गया है। जिससे दर्शकों को कार्यक्रमों का आनंद उठाने में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। किसी भी कलाकार के लिए सबसे प्रमुख आधार सांस्कृतिक मंच होता है जिसकी साज सज्जा, सुन्दरता और बनावट कलाकारों के उत्साह को दुगुना करती है और उन्हे अपने कला को अच्छे ढंग से प्रदर्शित करने में सहयोग प्रदान करती है और जनमानस को अपनी ओर सहज ही आकर्षित कर लेती है वही कार्य इस बार माघी पुन्नी मेला में बहुत ही विचार मंथन के बाद कुछ अलग करने की सोंचे और मुख्य सांस्कृतिक मंच के साथ ही स्थानीय सांस्कृतिक मंच को शानदार सजावट किया गया है। जिसकी प्रशंसा दर्शक और कार्यक्रम देने आये छश्रीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार कर रहे है। रात्रि के समय सबसे अधिक भीड़ महोत्सव स्थल में होती है। लोगों का कहना है की इस बार मंच बहुत ही शानदार बना है।

### छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजना हमारी जिम्मेदारी है - राजेश साहू

**राजिम।** माघी पुन्नी मेला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से आये प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही है। छत्तीसगढ़ी लोककला और संस्कृति को कर्मा, ददरिया, सुवा, पंडवानी और भरथरी के माध्यम से पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य गीत के माध्यम से छत्तीसगढ़ की महिमा का बखान कर रहे है जिसकी प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैल रही हैं। शाम होते ही मुख्य मंच पर सांस्कृतिक आयोजन का लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं पूरे महोत्सव स्थल में दर्शकों की खचाखच भीड़ जुटी रहती है। एक से बढ़कर एक कार्यक्रम को देख दर्शक भाव विभोर हो झूम उठते है। मुख्य मंच पर द्वितीय दिवस नवापारा-राजिम के लोक प्रयाग कला मंच के कलाकारों ने धूम मचाई। सरस्वती वंदना के माध्यम से छत्तीसगढ़ महतारी और आकर्षक दुर्गा झांकी की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। लोक प्रयाग मंच राजिम के संचालक राजेश साहू ने साक्षात्कार के दौरान बताया कि है लोकमंच की स्थापना 26 नवंबर 2020 में मात्र सात सदस्यों के साथ किया गया था, वर्तमान में हमारी टीम में कुल 35 सदस्य है। इस क्षेत्र में आने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि बचपन से ही नृत्य गीत से जुड़ाव था। कुछ उत्साही युवा मंच बनाने का प्रस्ताव लेकर आये। उस पर विचार कर एक ही शर्त था कि खुद का संगीत हो दूसरे मंच का नकल न हो, तब जाकर यह मंच बना। शुरुवाती समय बहुत संघर्ष भरा रहा, पहले जगह की कमी थी।

### माघी पुन्नी मेलाः उषा बारले की मनमोहक प्रस्तुति

# न्यूयार्क, लंदन, जापान में भी पंडवानी की दे चुकी है प्रस्तुति - उषा बारले

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम। पंडवानी गायन के माध्यम से देश-विदेश में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की छटा को बिखेरने वाली लोककला मंच भिलाई की पंडवानी गायिका उषा बारले किसी परिचय का मोहताज नहीं है। माघी पुन्नी मेला के प्रथम दिन मुख्यमंच पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाट से पूरा महोत्सव स्थल गूंज उठा।**

मंच से प्रस्तुति देकर सीधे मीडिया सेंटर पहुंची बारलेजी ने चर्चा के दौरान बताया कि कपालिक शैली में पंडवानी गायन में कौरव पांडव के मध्य हुए महाभारत कथा का वर्णन किया गया है। महाभारत में पांच पांडव धर्म की राह पर चलकर भाई-चारे के भाव का संदेश देते थे, लेकिन कौरवदल में सभी कुविचारों से परिपूर्ण थे। सत्य और असत्य



के बीच की लड़ाई इतनी अधिक बढ़ी की वह महाभारत के भीषण संहार के रूप में सामने आया। आज के परिवेष में हर घर में चल रहे विवाद महाभारत का रूप लेते नजर आते है। पंडवानी के माध्यम से महाभारत के भंयकर परिणाम को बताते है जिससे आने वाले समय में हम इस महाभारत से बच सके। आगे उन्होंने बताया कि 1999 में दिल्ली जंतर-मंतर में विद्याचरण शुक्ल के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य की मांग के लिए धरणा दिए। जिसके लिए हमें 45 मिनट तक जेल के अंदर रखा गया। बाद में हमारी मांग को सही मानते हुए बहुत विचार मंथन के बाद हमें बाहर निकाला गया तब से एक क्रांतिकारी कलाकार के रूप में मुझे जाना जाता है। छत्तीसगढ़ के अलावा न्यूयार्क, लंदन, जापान में भी पंडवानी गायन कर चुकी है। गुरूघासीदास के जीवनगाथा को पंडवानी के रूप में गाने का श्रेय सबसे पहले उन्हें जाता है।

2006 में दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में छत्तीसगढ़ से पंडवानी का प्रतिनिधित्व कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 2014 में गुरूघासीदास समाज चेतना पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। कोरोनाकाल में 2 लाख रूपये चंदा इकट्ठा कर जरूरतमंद लोगों को हमारी मंच की तरफ से सहयोग किया गया। राजिम माघी पुन्नी मेला में प्रतिवर्ष हम अपना प्रस्तुति देते है। यहां कि व्यवस्था बहुत अच्छी है बस सरकार से यही अपेक्षा है कि मुझे पहचाने व पदम्श्री पुरस्कार देकर मेरी कला को प्रोत्साहित करें। आने वाले नये कलाकारों संदेश देते हुए कहा कि पहले गायन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना बहुत ही कठिन था आज मोबाईल होने से हर काम सहज हो गया है। यू-टयूब के माध्यम से प्रतिदिन अभ्यास करें और आगे बढ़े।

हमारी संस्था द्वारा सेक्टर 1 भिलाई में नि:शुल्क पंडवानी प्रशिक्षण दिया जाता है। असम में मिनीमाता जयंती पर छत्तीसगढ़ शासन की तरफ से जाकर मिनीमाता की जीवनी को गायन पंडवानी के रूप में बखान किया गया। भारत के हृदय स्थल पर से छत्तीसगढ़ अपने लोक कलाओं के माध्यम से अनेक विधाओं में ख्याति प्राप्त अर्जित की है। जीवन परिचय बताते हुए बताया कि इस पावन माटी में 2 मई 1968 को भिलाई में जन्म हुआ। माता श्रीमती धनमत बाई पिता स्व. खाम सिंह जांगड़े है विवाह अमरदास बारले के साथ बाल विवाह 1971 में हुआ।

# राजिम मेलाः धनजी के डंडा नृत्य ने रंग जमा दिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम।** माघी पुन्नी मेला के दूसरे दिन सांस्कृतिक मंच क्रमांक-02 पर छत्तीसगढ की लोक सांस्कृति सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मानव मंच पर ही उतर आयी थी। लोकधुन एवं लोककला की जुगलबंदी देखते ही बन रही थी। मगरलोड के भुनेश्वरी ठाकुर के जय मां शारदा महिला मानस मण्डली ने रामायण के प्र्रसंगो पर व्यांख्यान दिया तथा धार्मिक भजनो को सुनकर लोग झुमते रहे।

फूलझर छुरा के धनजी राम ने डंडा नृत्य प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ी वेशभुषा में गांव के यह कलाकार सामांजस्य बिठाते हुए डंडे लेकर पैर उठाये और हाथो मे पकड़े डंडे को एक दूसरे में टच किया तो मधुर आवाज पुरे



मंच पर गुंजने लगी।


बता देना जरूरी है कि वर्तमान मे डंडा नृत्य के कलाकार विरले ही देखने को मिलता है लुप्त हो रहे इस विधा को छत्तीसगढ शासन के संस्कृति विभाग ने इस मंच के माध्यम से सामने लाने का काम किया, जिसका आम जनता ने प्रशंसा की है। टोकरो अभनपुर के जगराता ग्रुप के गायक डोमेश सेन एवं सुखदेव साहू ने धार्मिक भजनो से अनोखी छाप छोड़ी। बेमेतरा के रामेश्वर देवांगन ने फाग मण्डली के माध्यम से होली गीतो की बौछार कर दी। नंगाड़े की धुन एवं राजीवलोचन की जयकारा मौहोल को भक्तिमय बना दिया। बरभांठा महासमुंद शिवा सुरदास के लोकरागिनी मानस परिवार के रामायण प्रस्तुति को लोग घंटे सुनते रहे। मंच संचालक मनोज सेन ने किया। संयोजक पुरूषोत्तम चंद्राकर ने बताया कि 18 फरवरी को रामायण जय लक्ष्मीनारायण मानस परिवार चैबेबांधा दीपक श्रीवास, फाग मण्डली रामेश्वर देवांगन बेमेतरा आदिवासी नृत्य प्रेम यादव गरियाबंद, पंडवानी पुनाबाई बंसोड़ पाण्डुका, जगराता रूपेन्द्र साहू सुरसाबांधा की प्रस्तुति होगी।

### खाद्य नागरिक आपूर्ति निरीक्षक परीक्षा कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति निरीक्षक की भर्ती परीक्षा 20 फरवरी 2022 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। प्रवेश पत्र व्यापम के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुये परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को मास्क लगाना अनिवार्य होगा। इस परीक्षा के लिए कोरबा शहर में कुल 37 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों पर 10 हजार 600 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासकीय ईव्हीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केन्द्र बनाया गया है।








































# ट्रेलर से टक्कर के बाद चक्के के नीचे आया युवकः मौके पर ही मौत, गुस्साई भीड़ ने कर दिया चक्काजाम

**जांजगीर (ए)।** जांजगीर जिले में देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक कहीं से बाइक में सवार होकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रेलर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक बाइक सहित उस ट्रेलर के चक्के के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर करीब 4 घंटे तक चक्काजाम भी कर दिया। हादसा अकलतरा थाना क्षेत्र में हुआ है।



अकलतरा के आजाद नगर में रहने वाला नितेन्द्र सिंह राणा(28) अकलतरा नगर पालिका में ही प्लेसमेंट कर्मचारी के रूप में काम करता था। बताया जा रहा है कि शनिवार रात को 11 बजे वह कहीं से वापस अपने घर लौट रहा था। वो अभी यहां अकलतरा-शिवरीनारायण रोड जनपद कार्यालय के पास पहुंचा था कि सामने अकलतरा की तरफसे आ रहे ट्रेलर ने उसे टक्कर मार दी।

### ट्रेलर का ड्राइवर भाग गया

आस-पास के लोगों ने बताया कि दोनों ही गाड़ी की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि बाइक में सवार नितेन्द्र सिंह राणा सीधे ट्रेलर के टायर के नीचे जाकर दब गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर का ड्राइवर वहां से भाग निकला। वहीं आस-पास के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पास जाकर देखा तो नितेन्द्र का चेहरा ट्रक में दबने के कारण पूरी तरह से चपटा हो गया था। उसके शरीर से काफी खून भी बह चुका था।

### युवक की मां के लिए नौकरी की मांग

घटना के बाद काफी भीड़ मौके पर पहुंच गई और लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि इस रोड में बार-बार हादसे हो रहे हैं। फिर भी प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। हम नितेन्द्र सिंह के परिवार के लिए 5 लाख मुआवजा और उसकी मां के लिए नगर पालिका में नौकरी की मांग करते हैं। ये कहते हुए लोगों ने अकलतरा-शिवरीनारायण रोड को रात को 11.30 बजे से 3.30 बजे तक जाम रखा।

### एसडीएम के समझाने पर माने लोग

इधर, घटना की सूचना पुलिस और प्रशासन को भी दी गई थी। खबर लगते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया। मगर लोग नहीं माने, वे पनी मांगों को लेकर अड़े रहे। बाद में जब जांजगीर एसडीएम नंदनी साहू मौके पर गईं और उन्होंने लोगों को समझाया तब जाकर लोगों का गुस्सा शांत हुआ। एसडीएम ने लोगों को ट्रेलर मालिक से उचित मुआवजा दिलाने और नितेन्द्र की मां को नगर पालिका में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया है।

### मां-बाप का इकलौता बेटा था

आस-पास के लोगों ने बताया कि नितेन्द्र के पिता का कुछ समय पहले ही देहांत हो चुका है। जिसके चलते वो अपनी मां को लेकर आजाद नगर में रहता था। अब उसकी भी मौत हो गई है। इसके बाद उसकी मां भी अकेले पड़ गई है। नितेन्द्र अपने माता-पिता का एक ही बेटा था।

## खास-खबर

### एयर गन लेकर घूमना पड़ा महंगा पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**भिलाई।** एयर गन से गाय पर फायरिंग कर उन्हें डराना तीन युवकों को महंगा पड़ गया। लोगों को लगा कि वे गाय को मार रहे हैं। इस पर उन्होंने पुलिस को जानकारी दे दी। पुलिस ने उन्हें पकड़कर उनके पास से एयर गन जब्त कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस ने बताया कि लुचकी पारा दुर्ग निवासी नावेद खान (18), पोलसाय पारा दुर्ग निवासी मोहम्मल अलताफ(19), लुचकी पारा निवासी मोहम्मद शाहिद रजा (19) और दो नाबालिग शुक्रवार को शिक्षक नगर तालाब के पास पहुंचे। वहां पर सभी ने एक-एक कर एयर गन के साथ फोटो खिंचवाई। इसके बाद गाय पर एयर गन से फायरिंग करने लगे। वहां उपस्थित लोगों को लगा कि वे लोग गाय को मार रहे हैं तो उन्होंने पुलिस को जानकारी दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पांचों को हिरासत में लिया। दोनों नाबालिगों को समझाइश देकर उन्हें छोड़ दिया गया। बाकि के तीनों युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

### निर्माणाधीन आईआईटी में हुई थी मजदूर की मौत, दो पर प्राथमिकी दर्ज

**भिलाई।** कुटेलाभाठा में बन रहे आइआइटी के निर्माणाधीन ब्वायज हास्टल के काम में रहे एक मजदूर की मौत की घटना के जांच के बाद जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने ठेकेदार व सुपरवाइजर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जांच में यह पता चला है कि ठेकेदार ने मजदूर को सुरक्षा के लिहाज से कोई उपकरण नहीं दिया था। इस कारण से वो हादसे का शिकार हुआ है।

पुलिस ने बताया कि बीते तीन दिसंबर 2021 को आइआइटी के ब्वायज हास्टल के निर्माण में लगे मजदूर अबुल हुसैन (26) निवासी सलमाडा पार्ट छह, थाना फकीरगंज जिला धुब्री असम की मौत हो गई थी। एक लोहे का सेंट्रिंग प्लेट गिरकर उसके गले के पीछे आकर लगा था। उसे घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस घटना की शिकायत के बाद जेवरा सिरसा पुलिस ने मौके पर काम कर रहे अन्य श्रमिकों का बयान लिया। बयान में इस बात की पुष्टि हुई कि ठेकेदार द्वारा अबू कलाम और सुपरवाइजर यूनुस अली ने मृतक को सेफ्टी बेस्ट, हेलमेट और सुरक्षा के अन्य उपकरण नहीं दिए थे। इस कारण से उसे गंभीर चोट लगी और उसकी मौत हुई थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### 13 साल की उम्र से उठा रहा था परिवार का बोझ, हारकर की आत्महत्या

**भिलाई।** मां का साथ छूटने और पिता की मौत के बाद 13 साल की उम्र से परिवार का बोझ उठा रहा एक युवक आर्थिक तंगी के चलते जिंदगी से जंग हार गया। एक छोटी बहन और दो छोटे भाइयों की जिम्मेदारी उठाने में असफल होने के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

वैशाली नगर थाना प्रभारी वीरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि कैंप-1 अर्जुन नगर निवासी नौशाद खान (21) ने गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब वो 13 साल का था। तभी उसके पिता कुतुबुद्दीन की मौत हो गई थी। मां का पहले साथ छूट चुका था। माता-पिता के जाने के बाद एक छोटी बहन और दो छोटे भाइयों की जिम्मेदारी उस पर आ गई। 13 साल की उम्र से ही उसने मजदूरी कर अपने छोटे भाइयों व बहन का पालन शुरू किया।

### नर्स को धक्का मारकर गिराया, फिर लूट लिया

# ड्यूटी से वापस लौट रही थी तभी पीछे से आकर दिया वारदात को अंजाम, 2 गिरफ्तार

**भिलाई (ए)।** दुर्ग पुलिस ने नर्स से मोबाइल और पर्स लूटने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पर्स में 21 हजार रुपए थे। सुपेला पुलिस ने आरोपियों काफी तलाश की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला था। एक महीने बाद मिले सुराग के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंच पाई और उन्हें बेमेतरा से गिरफ्तार कर दुर्ग ले लाई आई है। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है।

सुपेला टीआई सुरेश ध्रुव ने बताया कि 8 जनवरी की रात एक महिला ने उसके साथ हुई लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया था कि वह पेशे से नर्स है। 8 जनवरी की रात 9 वह अपनी शिफ्ट खत्म होने के बाद अस्पताल से घर लौट रही थी। वह अपनी स्कूटी से रात 10 बजे के के करीब जैसे ही योगा गार्डन नेहरू नगर के पास पहुंची थी, तभी पीछे से दो लड़के बाइक से आये और उसे धक्का मारकर गिरा दिया। इसके बाद वह उसका पर्स, 20 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन लूट कर भाग गए। पर्स में 21 हजार रुपये थे। महिला की शिकायत पर पुलिस ने धारा 279 , 337 , 379 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 15 हजार रुपए, मोबाइल फोन व वारदात में उपयोग की गई बाइक को जब्त कर लिया है।



आरोपियों ने बताया कि घटना के दिन वो दोनों बाइक का पाट्‌र्स खरीदने के नाम से दुर्ग भिलाई आये हुए थे। रात 10 बजे के आसपास अपने मामा के घर की तरफ जा रहे थे। तभी एक महिला नेहरू नगर योगा गार्डन के पास अकेली स्कूटी में जाते हुए दिखी। उन्होंने उसे धक्का देकर गिरा दिया और उसके पर्स को छीन कर भाग गए। बैग में 21,000 रुपए और मोबाइल था। आरोपियों ने बैग को फेंक दिया और रुपए व मोबाइल को रख लिया। इसके बाद दूसरे दिन थान खम्हरिया चले गए।

### इस तरह पकड़ाए आरोपी

टीआई ध्रुव ने बताया कि लगभग एक महीने की जांच के बाद भी आरोपियों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला था। उन्होंने चारों तरफ अपने मुखबिर एक्टिव किए हुए थे। इसी बीच सूचना मिली कि कोसा नगर में एक परिवार रहता है। उनके घर पर घटना के दिन कुछ संदिग्ध लड़के आकर रुके थे। पुलिस ने उस परिवार की तलाश शुरू की। पूछताछ में परिवार के लोगों ने बताया कि थान खम्हरिया बेमेतरा से उसका भांजा संजय यादव (18 साल) और उसका साथी मनीष अंगिरा (25 साल) के साथ उनके घर आए थे। पुलिस की एक टीम थान खम्हरिया गई और दोनों लड़कों के बारे में पता किया। इसमें पता चला कि दोनों बाइक मैकेनिक हैं। उनका आना जाना दुर्ग भिलाई में लगा रहता है। वे बदमाश किस्म के हैं। इसके बाद पुलिस ने दोनो संदेहियों पूछताछ किया तो उन्होंने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

# आटो चोरी कर ले जा रहा शातिर रंगे हाथों गिरफ्तार



**भिलाई।** श्रीराम चौक के पास एक दुकान के सामने खड़ी आटो को चोरी कर ले जा रहे एक शातिर को खुर्सीपार थाना की पेट्रोलिंग टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि श्रीराम चौक खुर्सीपार निवासी शिकायतकर्ता रितेश शाह (29) ने अपनी आटो क्रमांक सीजी-07 एजेड 5887 को गुरुवार को श्रीराम चौक के पास जय बजरंग सीमेंट दुकान के सामने खड़ा किया था। रात में आटो के चालू करने की आवाज सुनकर शिकायत कर्ता ने अपने घर की छत पर से जाकर आवाज लगाया। आवाज सुनकर आरोपित आटो को चालू कर वहां से भाग गया। इसी दौरान खुर्सीपार थाना की पेट्रोलिंग टीम रात्रि गश्त पर निकली थी। टीम को चोरी की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत आटो का पीछा किया और शिवालय के पास घेराबंदी कर आरोपित को आटो के साथ पकड़ा।

पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम ज्योतिष यादव (22) निवासी कृष्णा नगर सुपेला बताया। पुलिस ने आरोपित की तलाशी ली तो उसके पास से मास्टर की (किसी भी ताले को खोलने वाली चाबी) मिली। आरोपित के पास से जब्त आटो की कीमत 90 हजार रुपये आकी गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति मौत, सूअर नोच रहे थे लाश

**भिलाई।** जामुल थाना क्षेत्र के 32 एकड़ नाला में एक व्यक्ति की लाश मिली। उसकी लाश नाले में औंधे मुंह पड़ी हुई थी। सुअर उसे नोच रहे थे। आसपास के लोगों ने देखा तो सुअर को वहां से भगाया। मृतक की पहचान होने के बाद उसके परिवार वालों और पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने शव को चीरघर भिजवाया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अटल आवास निवासी अजीत बिस्वास (48) के रूप में की गई है।


आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

नये लुक एवं वैरायटी में सागौन लकड़ी द्वारा निर्मित
अरिहंत फर्नीचर शो रुम | नमन सेल्स फर्नीचर शो रुम
20% डिस्काउंट के साथ उपलब्ध
आजाद मार्केट, रिसाली (भिलाई मसाला उद्योग के पीछे), भिलाई, मो. 9424151009, 9301188428

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाइल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge, Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

MemSaheb Ladies wear
JOCKEY
JULIET
Shop No. 57, A Market, Sec-6 Bhilai
Om Prakash 9926004441, 0788-2284341

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. - 82349 - 21000

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

न्यू अप्सरा साड़ी सेन्टर
घाघरा, चुन्नी, कुर्ती, डिजाइनर साड़ियां, सलवार सूट
सेल्स गर्ल की आवश्यकता है
शॉप 151, ए-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन-2284063

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

### विधायक देवेंद्र यादव ने सादगी से मनाया अपना जन्मदिन

# पहले मां का लिया आशीर्वाद, फिर गोमाता को खिलाया गुड़ व चना






श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। विधायक देवेंद्र यादव का आज जन्मदिन है। इस खास मौके की शुरुआत रोज की तरह मां के आशीर्वाद के साथ किया। विधायक देवेन्द्र यादव ने मां का आशीर्वाद लेने के बाद मां के साथ सेक्टर 9 स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में मत्था ठेका। भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद वे शहरी गोठान पहुंचे और गोमाता को गुड़, चना व हरा चारा खिलाया। इस मौके पर उन्होंने एक पौधा भी लगाया।**







विधायक देवेन्द्र यादव आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर सेक्टर-9 पहुंचकर मां के साथ पूजा आराधना की। इस दौरान उन्होंने हनुमान चालिसा का पाठ कर भोग लगाया। इस दौरान विधायक यादव ने प्रार्थना करते हुए संकट मोचन से भिलाई जनता की सुख शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने हाथ जोड़ कर भिलाई सहित पूरे प्रदेश और देश को कोरोना जैसे महामारी से बचाने की प्रार्थना की।

### गोमाता की सेवा कर लिया आशीर्वाद

विधायक देवेन्द्र यादव ने मंदिर में पूजा अर्चना के बाद यहां से सीधे भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित शहरी गोठान पहुंचे। यहां पर उन्होंने गौमाता की सेवा की और हरा चारा खिलाया,गुड़ और चना खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान देवेन्द यादव ने गोठान का निरीक्षण किया और गोठान में एक पौधा भी लगाया। शहरी गोठान में मौजूद महिला स्वसहायता समूह की बहनों ने पुष्प भेंट कर जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी और गाय का ताजा दूध भी दिया।

इस दौरान सभापति बंटी गिरवर साहू, PWD अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि एकांश बंछोर , MIC सदस्य आदित्य सिंह, MIC सदस्य मन्नान खान, पार्षद सेवन ठाकुर, महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

### बधाई देने वालों लगा रहा तांता

विधायक देवेन्द्र यादव के जन्मदिन पर उन्हें पूरा शहर बधाई दे रहा है। शहर की सड़कें उनके बधाई संदेशों वाले फ्लैक्स व पोस्टर से भर गए हैं। वहीं विधायक निवास पर भी सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। हर कोई अपने चहेते विधायक को जन्मदिन की बधाई देना चाह रहा है। विधायक देवेन्द यादव भी पूरी आत्मियता के साथ लोगों के बधाई देने पर अपना आभार जता रहे हैं।

# भिलाई निगम में बनेंगे नए राशन कार्ड, लंबित आवेदनों का भी होगा निराकरण

### निगम लगाएगा 21 फरवरी से शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत एपीएल एवं बीपीएल परिवारों का राशनकार्ड बनाया जाएगा, इसके लिए नगर पालिक निगम भिलाई शिविर का आयोजन करने जा रहा है जिसमें छूटे हुए लोगों को राशन कार्ड बनाने एवं पेंडिंग राशन कार्ड का निराकरण कराने का मौका मिलेगा।**




इसके निर्देश निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे सभी जोन आयुक्त को जारी कर दिए है। राज्य शासन की मंशा के अनुक्रम में निगम क्षेत्रान्तर्गत छुटे हुए परिवार का नवीन एपीएल/ बीपीएल राशनकार्ड बनवाने हेतु दिनांक 21 फरवरी 2022 से विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां किसी कारण से राशनकार्ड बनवाने से छुटे हुए परिवार शिविर स्थल में आवेदन जमा कर राशनकार्ड बनवा सकते है। जिला खाद्य शाखा से जारी पत्र के अनुसार राशनकार्ड बनाने हेतु लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा के तहत भौतिक सत्यापन एवं पात्रता की जांच कर आगामी कार्यवाही की जाएगी। छ.ग. खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2012 एवं छ.ग. राशनकार्ड नियम 2016 के तहत नवीन राशनकार्ड जारी किये जाने के निर्देश के तहत शिविर लगाई जाएगी। निगम के खाद्य विभाग की रीता चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि राशन कार्ड बनाने के लिए तथा लंबित आवेदन का शीघ्र निराकरण करने एवं एपीएल/बीपीएल राशनकार्ड बनाने के लिए नया आवेदन लिया जाएगा।













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950